दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 185
कोटद्वार शुक्रवार
4 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## ततैयों के हमले से घायल बुजुर्ग की ऋषिकेश में मौत

**पिथौरागढ़।** गुरना क्षेत्र के कांटे शाहीखोला में ततैयों के हमले से घायल बुजुर्ग की ऋषिकेश एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि ततैयों के काटने से जहर उनके पूरे शरीर में संक्रमण फैल गया था। स्थानीय लोगों ने बुजुर्ग की मौत के लिए जिला अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। कांटे शाहीखोला निवासी श्याम दत्त भट्ट (72)पुत्र टीका राम भट्ट को बीते 28 अक्तूबर को ततैयों ने हमला कर घायल दिया। इग्यारदेवी में प्राथमिक इलाज के बाद परिजन गंभीर अवस्था में उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने स्थिति को देखते हुए घायल को भर्ती कर इलाज शुरू किया। चार दिन तक रोगी का अस्पताल में इलाज चला, लेकिन कोई सुधार न होने पर बीते मंगलवार को चिकित्सकों ने घायल को हल्द्वानी सुशीला तिवारी के लिए रेफर कर दिया। वहां भी चिकित्सकों ने इलाज से हाथ खड़े कर दिए। अगले दिन बुधवार को परिजन घायल को ऋषिकेश स्थित एम्स लेकर पहुंचे। रात करीब एक बजकर 30 मिनट में उन्होंने दम तोड़ दिया।

## अंकिता के परिजनों ने लगाया एसआईटी जांच में लापरवाही का आरोप

**नैनीताल।** अंकिता भंडारी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने घटनास्थल के सभी सबूत मांगे हैं। अदालत ने 11 नवंबर तक मौके के सभी सबूत पेश करने के निर्देश एसआईटी को दिए हैं। वरिष्ठ न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा की एकलपीठ ने याचिका पर सुनवाई की। याचिका में हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई है। गुरुवार को हुई सुनवाई में अंकिता की माता सोनी देवी और पिता बीरेंद्र सिंह भंडारी ने बेटी के कातिलों को फांसी की सजा दिलाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। परिजनों का कहना है कि एसआईटी जांच में लापरवाही कर रही है, इसलिए जांच सीबीआई से कराई जाए। आरोप लगाया कि सरकार शुरुआत से ही किसी वीआईपी को इस मामले में बचाना चाह रही है। सबूत मिटाने के लिए बीते रविवार को रिसर्ट से लगी फैक्टरी को भी जला दिया गया। वहां पर कई सबूत मिल सकते थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक फैक्ट्री में खून के धब्बे देखे गए थे। आरोप लगाया कि सरकार ने किसी को बचाने के लिए डीएम तक का तबादला कर दिया है।

## गुजरात में भारी बहुमत के साथ भाजपा फिर बनाएगी सरकार : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनाव आयोग द्वारा गुजरात विधान सभा चुनाव की तारीखों की घोषणा का स्वागत करते हुए दावा किया है कि भाजपा भारी बहुमत के साथ गुजरात में फिर से सरकार बनाने जा रही है। जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात में फिर से डबल इंजन की सरकार बनने का दावा करते हुए ट्वीट कर कहा कि, चुनाव आयोग द्वारा गुजरात विधानसभा चुनावों की घोषणा का स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा भारी बहुमत से गुजरात में पुनरू डबल इंजन की सरकार बनाएगी और आगामी 5 वर्षों के लिए जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कटिबद्ध भाव से काम करेगी।

# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के काफिले पर हमला, पैर में लगी गोली: पाक मीडिया





**इस्लामाबाद,एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर हमले की खबर सामने आई है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक एक रैली के दौरान उनके काफिले पर गोलीबारी हुई है। फायरिंग के दौरान इमरान खान के पैर में गोली लगने की बात भी सामने आई है। हालांकि उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

स्थानीय मीडिया द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, इमरान खान पाकिस्तान के वजीराबाद में एक रैली कर रहे थे। इसी दौरान उनके कंटेनर के पास गोलीबारी हुई। जिसमें उनके दाहिने पैर पर गोली लगी है, इस दौरान कई अन्य लोगों के भी घायल होने की खबर सामने आई है। हमले के तुरंत बाद पुलिस ने घायल इमरान खान को उनके कंटेनर से एक बुलेट प्रूफ वाहन में स्थानांतरित किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री पर हुए हमले के बाद, तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके से ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर एक अज्ञात स्थान पर स्थानांतरित कर दिया है। हमले के बाद जारी की गई प्रारंभिक जानकारी में बताया गया था कि, इमरान खान सुरक्षित हैं। हालांकि, बाद में बताया गया कि उनके दाहिने पैर में गोली लगी है, लेकिन उनकी हालत स्थिर है। साथ ही बताया जा रहा है कि, हमले में इमरान खान के करीबी सीनेटर फैसल जावेद भी घायल हुए हैं। इमरान खान पर हमला करने वाले आरोपी की एक तस्वीर जारी की है।

## विदेश मंत्रालय ने कहा- हालात पर हमारी नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तानी पीएम की चीन यात्रा के दौरान



कश्मीर के जिक्र पर अरिंदम बागची ने कहा, हमने देखा है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की चीन यात्रा के बाद जारी संयुक्त बयान में भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के कई अनुचित संदर्भ शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा हैं और हमेशा रहेंगे। उन्होंने कहा, जहां तक चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का सवाल है, हमने लगातार चीन और पाकिस्तान को अपने विरोध और चिंताओं से अवगत कराया है। सीपीईसी में भारत के संप्रभु क्षेत्र की परियोजनाएं शामिल हैं जो जबरन और अवैध बाहरी कब्जे में हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर की यात्रा पर अरिंदम बागची ने कहा कि यूक्रेन-रूस संघर्ष पर हमारी स्थिति हमेशा स्पष्ट रही है, हम चाहते हैं कि बातचीत द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर केंद्रित हो और मुझे लगता है कि हमारे विदेश मंत्री इस पर चर्चा करेंगे। कतर में हिरासत में भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अधिकारियों की रिपोर्ट पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि कतर में भारतीय दूतावास के अधिकारियों को हिरासत में लिए गए भारतीय नागरिकों तक कांसुलर एक्सेस मिला और उनकी सलामती का पता लगाया गया। हमने दोबारा उन तक पहुंच मांगी है। उनकी जल्द रिहाई के लिए प्रयास कर रहे हैं। कनाडा में खालिस्तान जनमत संग्रह पर बागची ने कहा कि कनाडा सरकार ने सूचित किया है कि वे भारत की संप्रभुता का सम्मान करते हैं ।

## फेसबुक इंडिया के हेड अजीत मोहन ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फेसबुक इंडिया के हेड अजीत मोहन ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। दरअसल, मेटा प्लेटफर्म्स ने आज घोषणा की है कि उसके इंडिया हेड अजीत मोहन ने एक और अवसर तलाशने के लिए पद छोड़ दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोहन अब प्रतिद्वंद्वी सोशल मीडिया प्लेटफर्म स्नैप से जुड़ने जा रहे हैं।

मेटा में ग्लोबल बिजनेस ग्रुप वाइस प्रेसिडेंट निकोला मेंडेलसोहन ने एक बयान में कहा, ष्अजीत ने कंपनी के बाहर एक और अवसर तलाशने के लिए मेटा में अपनी भूमिका से हटने का फैसला किया है।ष

अजीत मोहन जनवरी 2019 में मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में फेसबुक इंडिया में शामिल हुए थे। उनके कार्यकाल के दौरान, कंपनी के दो प्रोडक्ट- वट्सऐप और इंस्टाग्राम - ने भारत में 200 मिलियन से अधिक यूजर्स जोड़े।मेटा से पहले, मोहन ने चार साल तक स्टार इंडिया की वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस हटस्टार के चीफ एग्जीक्यूटिव अफिसर के रूप में काम कर चुके हैं।

## इगास बग्वाल हम सब्बि तें भोत धूम धाम से मनोणः सीएम



**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इगास बग्वाल-बूढ़ी दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए सभी लोगों से अपने अपने पैतृक गांव जाकर इस पर्व को मनाने की अपील की। इसस पहले, सीएम धामी ने इगास बग्वाल में राजकीय अवकाश घोषित किया है। गढ़वाली में अपने संदेश में सीएम ने कहा कि, श्म्यारा प्यारा उत्तराखंड वासियों, भोल हमारु लोक पर्व इगास बग्वाल हम सब्बि तें भोत धूम धाम से मनोण और अपणी नई पीढ़ी तें भी अपणा त्यौहारु से जोड़कर रखण। हमारा लोकपर्व गी सार्थकता तभी च, जब हम ये त्यौहार तें अपणी संसति, प्रति और उत्पादूं से जोड़ला।श्

सीएम ने कहा कि त्यौहारों पर महज छुट्टी देने भर से हमारी लोक संस्कृति मजबूत नहीं होने वाली है। बल्कि इन सभी पर्वों को पूरे उत्साह से मनाना होगा। सभी लोग अपने अपने पैतघ्क गांव जाएं और वहां पर्वों को षोंल्लास के साथ मनाएं।

दूसरी तरफ, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भी प्रदेशवासियों को लोकपर्व इगास बग्वाल की बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये लोकपर्व हमारी संसति से जुड़े हैं। सभी को इसे मिलजुलकर हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को उत्तराखण्ड के लोकपर्व इगास बग्वाल की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि इगास बग्वाल का यह पर्व सभी प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि व खुशहाली लाएं।

इगास बग्वाल उत्तराखण्ड की लोक संसति व परम्पराओं का प्रतीक है। यह पर्व हमारे पूर्वजों की धरोहर व पर्वतीय संस्कृति की विरासत है।

# महाराज ने दी लोक पर्व इगास-बग्वाल बूढ़ी दिवाली की शुभकामनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून।** प्रदेश काबीना मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखण्ड के सांस्कृतिक लोक पर्व इगास-बग्वाल पर्व बूढ़ी दिवाली पर शुभकामनायें देते हुए प्रदेशवासियों को अपनी संस्कृति से जुड़ने के साथ-साथ उत्साह व उमंग के साथ मनाने का अनुरोध किया है।



कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि गढ़वाल में दीपावली त्योहार के 11 दिन के पश्चात बग्वाल, इगास मनाने की प्राचीन परंपरा है। प्रदेश सरकार ने इस लोक पर्व की महत्ता एवं पौराणिकता को देखते हुए ही इस बार बग्वाल, इगास पर शुक्रवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। श्री महाराज ने कहा कि पहाड़ की लोकसंस्कृति से जुड़े इगास, बगवाल पर्व के दिन घरों की साफ-सफाई के बाद मीठे पकवान बनाए जाते हैं और देवी-देवताओं की पूजा की जाती है। कार्तिक मास में इगास, बगवाल पर्व पर शाम के समय गांव के किसी खाली खेत अथवा खलिहान में नृत्य के साथ भैलो खेला जाता है। भैलो एक प्रकार की मशाल होती है, जिसे नृत्य के दौरान घुमाया जाता है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री महाराज ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीराम 14 वर्ष के वनवास के बाद जब अयोध्या लौटे थे, तो लोगों ने अपने घरों में दीये जलाकर उनका स्वागत किया था। कहा जाता है कि भगवान श्रीराम के वनवास से लौटने की सूचना गढ़वाल मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों में दीपावली के 11 दिन बाद कार्तिक शुक्ल एकादशी को पहुंची। तभी से यहां दीपावली के 11 दिन बाद बूढ़ी दिवाली इगास (बगवाल) मनाई जाती है। उन्होने कहा कि इगास, बगवाल पर्व को लेकर मान्यता है कि 17 वीं शताब्दी में गढ़वाल के प्रसिद्ध भड़ (योद्धा) वीर माधो सिंह भंडारी की सेना दुश्मनों को परास्त कर दीपावली के 11 दिन बाद जब वापस लौटी तो स्थानीय लोगों ने दीये जलाकर सैनिकों का स्वागत किया। तभी से गढ़वाल में यह लोक पर्व धूमधाम से मनाया जाने लगा।

## नौ साल पहले कर्नाटक से लाई गई हथिनी की हुई मौत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः कार्बेट नेशनल पार्क की कालागढ़ रेंज में स्थित एलीफेंट कैंप में एक हथिनी की मौत हो गई है। हथिनी कुछ दिन से बीमार चल रही थी। गंगा नाम की इस हथिनी ने 6 माह पूर्व एक बच्चे को जन्म दिया था।

कैंप अधिकारियों की माने तो पिछले तीन-चार दिनों से गंगा का स्वास्थ्य खराब था। वह अपने बच्चे को दूध भी नहीं पिला रही थी। बताया कि बीती रात हथिनी की मौत हो गई। मौत के स्पष्ट कारणों की जांच के लिए हथिनी के शव का पोस्टमार्टम कर बिसरा को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। मृत हाथी की उम्र आठ साल है। बताना जरूरी है कि नौ वर्ष पूर्व कर्नाटक से कॉर्बेट नेशनल पार्क में लाए गए 9 हाथियों में यह भी शामिल थी।

# दिल्ली-एनसीआर में नहीं चलेंगे डीजल वाहन

## बढ़ते प्रदूषण के बाद ग्रैप का स्टेज 4 लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बाद केंद्रीय वायु गुणवत्ता आयोग ने दिल्ली-एनसीआर में डीजल से चलने वाले हल्के वाहनों के संचालन व प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही पैनल ने इलेक्ट्रिक या सीएनजी पर नहीं चलने वाले ट्रकों के दिल्ली में प्रवेश पर भी रोक लगा दी है। वहीं, दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बाद ग्रैप का स्टेज-4 लग गया है।

कई विद्यालयों ने पढ़ाई बंद करने से इनकार किया है क्योंकि इसे शैक्षणिक पठन-पाठन की गति बाधित होगी। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने बुधवार को दिल्ली सरकार से राजधानी के विद्यालयों को वायु गुणवत्ता सुधरने तक बंद करने के लिए कहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण



बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक दिल्ली की वायु गुणवत्ता बृहस्पतिवार को भी गंभीर श्रेणी में बनी रही। डीपीएस इंदिरापुरम की प्रधानाचार्य संगीता हजेला ने कहा कि वायु गुणवत्ता खासकर इस मौसम में बहुत खराब हो जाती है, लेकिन विद्यालयों को बंद कराने से शैक्षणिक पठन-पाठन की गति बाधित होगी।हजेला ने कहा कि बोर्ड की परीक्षा होने में केवल पांच महीने रह गये हैं और विद्यार्थी प्री-बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता भी जायज है। हजेला ने कहा कि विद्यार्थियों को पोषण युक्त फलों और सब्जियों के सेवन के लिए प्रोत्साहित किया गया है। हजेला ने कहा, प्रदूषण रोधी मास्क विद्यार्थियों में वितरित कराये जा रहे हैं। अहम स्थानों पर एयर प्यूरीफायर लगाये गये हैं ताकि वातावरण शुद्ध रहे।एमआरजी स्कूल, रोहिणी के प्रधानाचार्य अंशु मित्तल ने कहा कि वह हर विद्यार्थियों को एक लिखित पुस्तिका प्रदान करने की योजना बना रहे हैं जिसमें बताया जाएगा कि वे किस तरह के भोजन, पेय पदार्थ और आदतों को अपनी दिनचर्या में शुमार करें। शालीमार बाग स्थित मडर्न पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य अल्का कपूर ने कहा कि उनके विद्यालय ने बाहरी गतिविधियों पर अस्थायी रूप से पाबंदी लगा दी है।

# भ्रष्टाचार की जांच करने वाली एजेंसियों को डरने की जरूरत नहीं: प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय सतर्कता आयोग के श्सतर्कता जागरूकता सप्ताहश के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने सीवीसी के नए शिकायत प्रबंधन प्रणाली पोर्टल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने वाले सीवीसी जैसे संगठनों (एजेंसियों) को डरने की कोई जरूरत नहीं है।

पोर्टल के लन्चिग के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि सतर्कता सप्ताह सरदार साहब की जन्म जयंती से शुरू हुआ है। साथ ही कहा कि सरदार साहब का पूरा जीवन ईमानदारी, पारदर्शिता और इससे प्रेरित पब्लिक सर्विस के निर्माण के लिए समर्पित रहा है।

केंद्रीय सतर्कता आयोग के कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमने देखा है कि जेल की सजा होने और भ्रष्टाचार साबित होने के बावजूद भी कई बार भ्रष्टाचारियों का गौरवगान किया जाता है। ईमानदारी का ठेका लेकर घूमने वाले लोग भ्रष्टाचारी के साथ फोटो खिंचवाते हैं। उन्हें शर्म नहीं आती है। ये स्थिति भारतीय समाज के लिए ठीक नहीं है। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने वाले सीवीसी जैसे संगठनों (एजेंसियों) को डरने की कोई जरूरत नहीं है।

पीएम मोदी ने कहा कि हम बीते आठ सालों से अभाव और दबाव से बनी व्यवस्था को बदलने का प्रयास कर रहे हैं। डिमांड और सप्लाई के गैप को भरने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही कहा कि इसके लिए हमने तीन रास्ते चुने हैं। एक आधुनिक टेक्नोलजी का रास्ता है। दूसरा मूल सुविधाओं के सेचुरेशन का लक्ष्य है। तीसरा आत्मनिर्भता का रास्ता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गुलामी के लंबे कालखंड से हमे भ्रष्टाचार की, शोषण की, संसाधनों पर कंट्रोल की, जो लेगेसी मिली है। उसको दुर्भाग्य से आजादी के बाद और विस्तार मिला है।

कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि किसी भी सरकारी योजना के लाभ हर पात्र लाभार्थी तक पहुंचना, सेचुरेशन के लक्ष्यों को प्राप्त करना, समाज में भेदभाव भी समाप्त करता है। यह भ्रष्टाचार की गुंजाइश को भी खत्म कर देता है। हमारी सरकार ने हर योजना में सेचुरेशन के सिद्धांत को अपनाया है।

इस दौरान पीएम मोदी नैतिकता और अच्छे व्यवहार पर सचित्र पुस्तिकाओं की एक श्रृंखला का विमोचन भी किया। सार्वजनिक खरीद पर निवारसतर्कता और विशेष अंक पर सर्वोत्तम प्रथाओं का संकलन है। प्रधानमंत्री मोदी सीवीसी द्वारा इस विषय पर आयोजित राष्ट्रव्यापी निबंध प्रतियोगिता के दौरान सर्वश्रेष्ठ निबंध लिखने वाले पांच छात्रों को पुरस्कार भी दिया।

बता दें कि जीवन के हर क्षेत्र में सत्यनिष्ठा का संदेश फैलाने के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाने के लिए सीवीसी हर साल सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाता है।

इस साल यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक श्एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारतश विषय के साथ मनाया जा रहा है।

# टीबी उन्मूलन में मदद करें सक्षम लोगः डॉ. रावत

**देशभर में उत्तराखंड बना सर्वाधिक नि-क्षय मित्र बनाने वाला राज्य**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** सूबे में टीबी रोग उन्मूलन में समाज के सक्षम लोग, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, राजनीतिक, कॉर्पोरेट संस्थान, गैर सरकारी संस्थान अपनी भागीदारी निभा सकते हैं, इसके लिये सभी को 'नि-क्षय मित्र' बनने का मौका दिया जा रहा है। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने समाज के सक्षम वर्ग से अपील की है कि वह नि-क्षय मित्र बनकर क्षय रोगियों की सहायता के लिये आगे आयें और प्रदेश को टीबी मुक्त करने में सहयोग करें। टीबी मरीजों की औसत संख्या के आधार पर उत्तराखंड देशभर में सर्वाधिक नि-क्षय मित्र पंजीकरण करने वाला राज्य बन चुका है। समाज का प्रत्येक सक्षम व्यक्ति टीबी रोगियों की सहायता के लिये नि-क्षय मित्र बनने का संकल्प लें और इस राष्ट्रीय अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सच्ची मित्रता निभायें। इस अभियान में सभी सरकारी विभागों, निर्वाचत प्रतिनिधियों राजनीतिक दलों गैर सरकारी संगठनों और कॉर्पोरेट्स संस्थानों का सहयोग अपेक्षित है। आइये नि-क्षय मित्र बनकर टीबी मुक्त उत्तराखंड का सपना साकार करें।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि टीबी मुक्त उत्तराखंड बनाने के लिये प्रदेश भर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान जोर-शोर से चल रहा है। इस महत्वकांक्षी अभियान को सफल बनाने बनाने के लिये समाज के सक्षम लोगों से आगे आकर नि-क्षय मित्र बनने की अपील की गई है, ताकि टीबी मरीजों के उपचार परिणामों में सुधार लाया जा सके। नि-क्षय मित्र के तौर पर आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित किये जाने के लिये निर्वाचित प्रतिनिधि, राजनीतिक दल, गैर सरकार संगठन, कॉर्पोरेट्स संस्थान और इच्छुक नागरिक भी प्रतिभाग कर सकता है। इसके अलावा सहकारी समितियां, पंचायती राज विभाग सहित अन्य सरकारी विभाग भी नि-क्षय मित्र की भूमिका निभाकर टीबी मुक्त उत्तराखंड में भागीदार बन सकते हैं। नि-क्षय मित्र के रूप में प्रत्येक व्यक्ति एक या एक से अधिक टीबी रोगियों को कम से कम एक वर्ष तक गोद लेगा और उपचार में सहयोग करेगा साथ ही भारत सरकार द्वारा सुझावित फूड बास्केट प्रत्येक माह रोगी को उपलब्ध करायेगा, जिसकी अनुमानित लागत रू0 एक हजार है। टीबी रोग उन्मूलन को लेकर राज्य में स्वास्थ्य विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर नि-क्षय मित्रों का पंजीकरण किया जा रहा है। टीबी मरीजों की औसत संख्या के आधार पर उत्तराखंड सर्वाधिक नि-क्षय मित्र पंजीकरण करने वाला देश का पहला राज्य बन चुका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उत्तराखंड सबसे पहले टीबी उन्मूलन में कामयाबी हासिल करेगा।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अभी तक राज्य में 5852 नि-क्षय मित्र बनाये गये हैं, जिसमें से 91 फीसदी नि-क्षय मित्रों का टीबी मरीजों के साथ लिंकेज कर दिया गया है। प्रदेश के तीन जनपद टिहरी गढ़वाल, चमोली और चम्पावत में शत-प्रतिशत नि-क्षय मित्रों का लिंकेज किया जा चुका है, जबकि पांच जिलों अल्मोड़ा, बागेश्वर, रूद्रप्रयाग, ऊधमसिंह नगर और उत्तरकाशी में 95 फीसदी से अधिक नि-क्षय मित्रों का लिंकेज किया जा चुका है।

# राज्य आंदोलनकारियों ने किया तहसील में प्रदर्शन



ऋषिकेश। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच ने तहसील में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। वह अंकिता हत्याकांड की जांच सीबीआई से करवाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने मामले में डीजीपी की भूमिका पर भी सवाल उठाकर उन्हें हटाने की सीएम से गुहार लगाई है। मंच ने हिमाचल की तर्ज पर भू–कानून बनाने की साथ राज्य में सशक्त लोकायुक्त नियुक्ति करने की मांग भी की है। गुरुवार को आंदोलनकारी तहसील पहुंचे और प्रदर्शन कर नारेबाजी की। आंदोलनकारी विक्रम भंडारी ने कहा कि अंकिता हत्याकांड की जांच सीबीआई से करवाई जानी चाहिए। अंकिता प्रकरण में उत्तराखंड के डीजीपी की भूमिका पर सवाल उठाते हुए उन्हें हटाकर पुलिस व्यवस्था में सुधार का मुद्दा भी उठाया। मंच के महामंत्री डीएस गुसाईं ने कहा कि राज्य में सशक्त लोकायुक्त की नियुक्ति के साथ उत्तराखंड में हिमाचल की तर्ज पर भू–कानून बनाया जाना जरूरी है। उन्होंने मूल निवास को पुनर्जीवित कर उसकी कटऑफ डेट 1950 मानकर उसे लागू करने की मांग की। गंभीर मेवाड़ ने राज्य आंदोलनकारियों की जिला स्तर पर चिह्नीकरण की प्रक्रिया फिर शुरू करने एवं राज्य निर्माण सेनानियों को एक समान पेंशन देने की मांग की। लक्ष्मी बुड़ाकोटी ने आंदोलनकारियों को राज्य निर्माण सेनानी घोषित करने, 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू करने की वकालत की। इस दौरान राज्य की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भी भेजा गया। प्रदर्शनकारियों में चंदन पंवार, वेदप्रकाश शर्मा, बलवंत सिंह, जितेन्द्र राणा,दयाराम रतूडी, शिव सिंह खरोला, शीला देवी, शकुंतला देवी, लक्ष्मी कठैत, चंद्रा उनियाल,शीला रतूडी, पुष्पा रावत, लक्ष्मी मेहरा, विकास डोभाल, अनिल कुमार, विमला देवी, जशोदा देवी, कुंती गुंसाई,लक्ष्मी कंडवाल,सुमन राणा,गुलाबी देवी,सावित्री देवी, संगीता उनियाल,सूरज विश्नाई, शिवा सिंह आदि शामिल रहे।

## साइबर ठगों से सतर्क रहें पेशनर

चमोली : मुख्य कोषाधिकारी दीपिका चौहान ने जिले के पेंशनरों को साइबर ठगों से सावधान रहने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस प्रकार की शिकायतें मिल रही है कि साइबर ठगों के द्वारा उनके मोबाइल नंबर पर कॉल की जा रही है। स्वयं को कोषागार कर्मी बताकर जीवित प्रमाण पत्र के संबंध में पेंशनरों का डाटा मांगा जा रहा है।

इस संबंध में जिले के पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनरों को आगाह कराते हुये सीटीओ ने कहा कि कोषागार एवं उपकोषागारों से जीवित प्रमाण पत्र के संबंध में किसी भी पेंशनर को कॉल कर कोई भी विवरण नहीं मांगा जा रहा है। यदि किसी भी पेंशनर के पास इस प्रकार की कॉल आती है, तो किसी से अपना डाटा व सूचना साक्षा न करें।

# स्थापना दिवस समारोह : एसडीएम टिहरी को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी

नई टिहरी : टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय की मौजूदगी में राज्य स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर डीएम डा. सौरभ गहरवार ने अधिकारियों की बैठक ली। विधायक ने स्थापना दिवस पर नशामुक्ति जागरूकता को नुक्कड़-नाटक करवाने की सलाह देते हुए रैली निकालने को भी कहा। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर बताया कि 7 से 10 नवम्बर तक जनपद के मुख्य राजकीय भवनों को एलईडी बल्बों के माध्यम से प्रकाशमान किया जायेगा। 9 नवम्बर को प्रातः उत्तराखण्ड राज्य के गठन में शहीद हुए शहीदों को शहीद स्मारकों पर श्रद्धांजलि दी जायेगी। जनपद मुख्यालय में पीआईसी बौराड़ी में कायक्रमों का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीद राज्य आंदोलनकारियों के परिजनों एवं चिह्नित आंदोलनकारियों को आमंत्रित किया जायेगा। जनपद मुख्यालय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर आयोजन के सफल संचालन के लिए एसडीएम टिहरी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जनपद के सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित करने के निर्देश दिए। इस दौरान सफाई अभियान, नशामुक्ति संकल्प, जनजागरूकता रैली, स्कूलों में डिबेट, पेंटिंग प्रतियोगिता व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा। इस मौके पर डीएम ने सीईओ को पं दीन दयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार के सम्बंध में कार्यवाही के निर्देश दिए। कार्यक्रमों के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां बांटी गई। इस मौके पर एसडीएम अपूर्वा, एएसपी विजेंद्र डोभाल, पीडी प्रकाश रावत, सीएमओ डॉ. संजय जैन सहित दर्जनों मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## खराब चूल्हा के रिफंड पाने के झांसे में गंवाए 61 हजार रुपये

देहरादून। नया खरीदा इंडेक्शन चूल्हा नहीं चला तो उसकी ऑनलाइन शिकायत करने के झांसे में महिला साइबर ठगी कार शिकार हो गई। 3,990 रुपये के चूल्हे का रिफंड देने का झांसा देकर साइबर ठगों ने महिला को 61 हजार रुपये का चूना लगा दिया। महिला की तहरीर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उद्यमी छात्रा प्रिंसी को सम्मानित किया



विकासनगर। राजकीय इंटर कॉलेज हरबर्टपुर में उद्यमी छात्रा प्रिंसी को सम्मानित किया गया। छात्रा ने खुद की मेहनत से घर पर सेनेटरी नैपकिन बनाने की मशीन लगाई है, जिससे वो एक लाख रुपये प्रतिमाह की कमाई कर रही है। इसके साथ ही उसने 11 अन्य लोगों को भी रोजगार मुहैया कराया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनींद्र बड़थ्वाल ने बताया कि सेलाकुई की चोई बस्ती में रहने वाली प्रिंसी उनके विद्यालय की छात्रा है। जिसने उद्यमिता कौशल केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उसने सेलाकुई औद्योगिक क्षेत्र में रहने वाली गरीब महिलाओं को सस्ते दामों पर सेनेटरी नेपकिन मुहैया कराने की ठानी। शुरुआती कठिनाइयों के बावजूद इसके लिए उसे बैंक से एक लाख रुपये का ऋण मिल गया, जिससे उसने सेनेटरी पैड बनाने की मशीन और अन्य सामान खरीदा। छात्रा प्रिंसी ने बताया कि उसके इस मुहिम में उसके माता पिता ने भी उसका पूरा साथ दिया और उसे जल्द ही खादी ग्रामोद्योग बोर्ड से सेनेटरी नैपकिन यूनिट का प्रोजेक्ट मिल गया। बताया कि पिछले एक साल से वह इस काम में जुटी हैं और अब प्रतिमाह 1 लाख रुपये की कमाई हो रही है। नैपकिन बेचने के लिए 11 लोगों की एक टीम है जो कमीशन बेस पर नैपकिन बेचने का काम कर रही है।

## अब यमुनोत्री विधायक ने भी की शीतकालीन विस सत्र देहरादून में आयोजित करवाने का अनुरोध

देहरादून। यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर विधानसभा का आगामी शीतकालीन सत्र देहरादून में आयोजित करवाने का अनुरोध किया है। 2 नवंबर 2022 को प्रेषित अपने पत्र में यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि उत्तराखण्ड की आमजन भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मकालीन विधानसभा सत्र को गैरसैंण तथा शीतकालीन विधानसभा सत्र देहरादून में संपन्न कराया जाए। विदित है कि इससे पूर्व 1 नवंबर 2022 को खानपुर विधायक उमेश कुमार तथा लक्सर विधायक शहजाद ने भी पत्रों के माध्यम से विधानसभा का आगामी शीतकालीन सत्र देहरादून में आयोजित करवाने का अनुरोध किया है।

# पिंकी हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार



चमोली : देवाल क्षेत्र की बालिका पिंकी की हत्या का नामजद आरोपी अभियुक्त आखिरकार चमोली पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया है। पुलिस ने पिंकी की हत्या के नामजद आरोपी गुलाब सिंह को गिरफ्तार कर एक बड़ी कामयाबी हासिल की।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 13 अक्तूबर 2021 को हुई पिंकी हत्या का मामला राजस्व उपनिरीक्षक क्षेत्र नलधूरा में सामने आया। इस मामले में गुलाब सिंह पुत्र जवाहर सिंह निवासी खैता मानमती तहसील थराली के विरुद्ध 15 अक्तूबर को 2021 को राजस्व क्षेत्र नलधूरा तहसील थराली में पंजीकृत हुआ। जघन्य अपराध होने के कारण विवेचना राजस्व पुलिस से नियमित पुलिस को 28 अक्तूबर 2021 को स्थानांतरित हुई। घटना के बाद से ही अभियुक्त गुलाब सिंह लगातार फरार चल रहा था। पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी के अथक प्रयास के बाद भी अभियुक्त गिरफ्तार नहीं हुआ। न्यायालय से अभियुक्त के गिरफ्तारी के वारंट प्राप्त किए गए और कुर्की के नोटिस के बाद कुर्की की कार्रवाई की गयी। अभियुक्त को मफरुर घोषित किया गया और उस पर 2500 रुपये का ईनाम घोषित किया गया। फिर ईनामी राशि बढ़ाकर 5000 रुपये की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी के पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी कर्णप्रयाग के पर्यवेक्षण में आरोपी की खोजबीन के लिए सघन तलाशी की गई। एसओजी के माध्यम से सर्विलांस की मदद से एक वर्ष से फरार चल रहे अभियुक्त गुलाब सिंह को 2 नवम्बर को सिमली बैंड निकट वन विभाग बैरियर के पास से गिरफ्तार किया गया। (एजेन्सी)

## एक नजर

### छात्रों ने लगाया सरकार पर अनदेखी और सौतेला व्यवहार का आरोप

देहरादून। डीएवी पीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्रों को धरना गुरुवार को भी जारी रहा। छात्रों ने सरकार पर अनदेखी और सौतेल व्यवहार का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सरकार ने अपने सभी चुनाव कराए। पंचायत भी हो रहे हैं, लेकिन छात्रसंघ चुनाव पर सरकार मौन है। डीएवी पीजी कॉलेज छात्र संघर्ष समिति ने चुनाव होने तक लगातार आंदोलन की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि सरकार तत्काल चुनाव की घोषणा करे। ताकि सभी कालेजों में चुनाव कराकर छात्रसंघों को गठन किया जा सके। इस मौके पर अंकित बिष्ट, सुमित कुमार, ऋषभ मल्होत्रा, राहुल जग्गी, वासु शर्मा, मनमोहन रावत, सुमित श्रीवास्तव, गोविन्द रावत, अमन, अमन भटनागर, हरीश जोशी, शोएब, मयंक रावत आदि छात्र मौजूद थे

### 500रुपये के नकली नोट चलाने वाले गैंग का भंडाफोड़

देहरादून। रायपुर थाना पुलिस ने नकली नोट चलाने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। मंडावर जिला बिजनौर के दो आरोपी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नौ हजार के नकली नोट मिले हैं। आरोपी नकली नोट आधी कीमत पर परिचितों को बेच रहे थे। आरोपियों के पास से मिले नकली नोट 500 रुपये के हैं। रायपुर थाना पुलिस को भनक लगी कि थाना क्षेत्र में नकली नोट चलाने वाले गैंग से जुड़े आरोपी घूम रहे हैं। दरोगा राजीव धारीवाल टीम संग रायपुर स्थित शराब ठेके के पास पहुंचे। वहां से अवनीत कुमार (30) निवासी खानपुर माधो, मंडावर और विनय कुमार (23) निवासी रतनपुर, मंडावर जिला बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 500 रुपये वाले कुल नौ हजार कीमत के नकली नोट मिले। आरोपी कुछ संदिग्धों से संपर्क कर उन्हें नोट देने आए थे। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों को उन्होंने नकली नोट दे भी दिए थे। आरोपियों के खिलाफ नकली नोट के अवैध कारोबार को लेकर केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी निकली नोट उस पर दर्ज कीमत से आधे के असली नोट देकर बेच रहे थे।

# मारपीट और कार लूट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



ऋषिकेश। रायवाला थाना क्षेत्र के हरिपुरकला में एक ऑफिस संचालक से हुई मारपीट और कार लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि दो आरोपी अभी फरार हैं, इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। आरोपियों के कब्जे से एक एलईडी टीवी और कार बरामद हुई है।

रायवाला पुलिस के मुताबिक 31 अक्तूबर की रात को हरिपुरकला निवासी राजेश कुमार के ऑफिस में विक्रांत राणा निवासी हरिपुरकला अपने तीन साथियों के साथ आया। आरोप था कि विक्रांत ने राजेश के साथ जमकर मारपीट की और ऑफिस से नगदी, सोने की चेन, एलईडी टीवी, मोबाइल और ऑफिस के बाहर खड़ी कार हथियारों के बल पर लूट ली। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले में तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में विक्रांत राणा के साथ आए साथियों की पहचान दीपक सोनू और देव राणा के रूप में हुई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को विक्रांत राणा और देव राणा को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से राजेश कुमार से लूट गई कार और एलईडी टीवी बरामद की। थानाध्यक्ष भुवन चंद्र पुजारी ने बताया कि देव राणा भी हरिपुरकला का रहने वाला है।

# कन्नौज निवासी बुजुर्ग स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामप्यारी ने मुख्यमंत्री धामी को पत्र भेजकर जताया आभार



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को कन्नौज निवासी 102 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीमती रामप्यारी ने पत्र भेजकर 13 अक्टूबर को आईएसबीटी देहरादून में उनका आत्मीय सम्मान करने के लिये आभार व्यक्त किया है।

श्रीमती रामप्यारी ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्र में लिखा है कि 13 अक्टूबर 2022 को आईएसबीटी पर आपके द्वारा प्रार्थनी का जो सम्मान किया गया ,चाय पिलाई गई तथा 102 वर्षीय वृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कन्नौज, उ.प्र. निवासी रामप्यारी पत्नी स्व. रामचन्द्र चतुर्वेदी के चरण छूकर जो आशीर्वाद लिया गया प्रार्थिनी उन क्षणों को ताउम्र याद रखकर आपके उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना परम पिता परमात्मा से करती है।

इससे समाज में बुजुर्गों को सम्मान की भी प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने श्रीमती रामप्यारी को भेजे पत्र में उल्लेख किया है कि अपने गंतव्य कन्नौज पहुंचने पर उन्होंने जिस सहृदयता के साथ शुभकामनायें भेजी है, इसके लिये वे उनका हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु की भी कामना की है।

# छात्रों ने नाटक और गीतों के जरिये सामाजिक मुद्दों को भी उठाया

देहरादून। रिंग रोड स्थित किसान भवन में गुरुवार को आयोजित दो दिवसीय उत्तराखंड मातृभाषा उत्सव का गुरुवार को समापन हुआ। प्रदेशभर से चयनित छात्र–छात्राओं ने अपनी–अपनी लोकभाषा में शानदार प्रस्तुतियां दीं। अल्मोड़ा की हर्षिता ने सकुना दे..., पौड़ी की चित्रा पाठक ने गढ़वाली मांगल गीत, थान टिहरी की छात्रा वैष्णवी ने जौनपुरी मांगल गीत गाकर सबको मंत्रमुग्ध किया। राइंका आराकोट (उत्तरकाशी) के छात्रों ने बंगाणी भाषा में नाट्य संवाद और हारूल गीत मोड़े मुड़ाये, राजा कैन मोड़ाये... गाकर किया। थत्यूड़ की छात्रा मानसी, बबीता, वैष्णवी और आरजू ने नाट्य संवाद में शानदार अभिनय किया। कार्यक्रम में थारू, रंवाल्टी, रं–ल्छू, बंगाली, पंजाबी, बावरी आदि भाषाओं में भी छात्र–छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी। विशिष्ट अतिथि लोकगायिका पद्मश्री बसंती बिष्ट ने कहा कि हम अपनी रीति–रिवाजों और संस्कृति के धनी हैं। हमें नई पीढ़ी को परंपरागत पद्धति को सीखाने की जरूरत है। उन्होंने गोरिया देवता और नृसिंग देवता के जागर जल में विष्णु, तल में विष्णु गाकर दर्शकों को भावविभोर किया। अपर सचिव शिक्षा मेजर योगेन्द्र यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम निरंतर होने चाहिए, जिससे प्रतिभा को अधिक सींचा जा सके।

## आरटीओ ने दिए डोईवाला सिटी बसों में शहीद दुर्गामल्ल चौक लिखने के आदेश

देहरादून। डोईवाला रूट की बसों पर शहीद मेजर दुर्गा मल्ल चौक लिखा जाएगा। आरटीओ देहरादून सुनील शर्मा ने इसके आदेश कर दिए हैं।

आरटीओ ने डोईवाला–देहरादून नगर बस सेवा को एक सप्ताह के अंदर सभी बसों पर शहीद मेजर दुर्गा मल्ल चौक लिखने को कहा है। डोईवाला रूट पर चलने वाली सिटी बसों पर अब तक डोईवाला चौक लिखा हुआ था। आरटीआई क्लब के सचिव सुरेंद्र सिंह थापा ने आरटीओ को पत्र लिखा। पत्र में कहा कि शहीद मेजर दुर्गा मल्ल ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी है।

# अगले शिक्षण सत्र से कॉलेज कैंपस में रोजगारपरक कोर्स शुरू करने की योजनाः रावत



ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि महाविद्यालय कैंपस ऋषिकेश के प्राचार्य का पदभार महावीर सिंह रावत ने संभाला है। इससे पहले वे विवि के परीक्षा नियंत्रक के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार को ऋषिकेश महाविद्यालय पहुंचे प्राचार्य महावीर सिंह रावत को कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार ढींगरा ने चार्ज सौंपा।

इस दौरान नवनियुक्त प्राचार्य महावीर सिंह रावत ने बताया कि कॉलेज कैंपस में शैक्षणिक माहौल बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही कॉलेज में संसाधनों की कमी को दूर किया जाएगा, ताकि छात्र–छात्राओं को शिक्षण संबंधी कार्य में दिक्कत न हो। एक सवाल के जवाब में प्राचार्य रावत ने कहा कि अगले शिक्षण सत्र से कॉलेज कैंपस में रोजगारपरक कोर्स शुरू करने की योजना है।

रोजगारपरक कोर्स आरंभ होने से ऋषिकेश और आसपास के युवा वर्ग को लाभ मिलेगा। उन्हें तकनीकी शिक्षा के लिए शहर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

इस दौरान कॉलेज स्टाफ ने नवनियुक्त प्राचार्य का बुके देकर स्वागत किया। मौके पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार ढींगरा, डॉ. दिनेश चंद्र गोस्वामी, डॉ. दिनेश शर्मा, हरीश आदि मौजूद रहे।

# हंस फाउंडेशन ने 156 छात्र–छात्राओं को बांटी पाठ्य सामग्री



विकासनगर। हंस फाउंडेशन की ओर से माता मंगला जन्मोत्सव के तहत गुरुवार को सरकारी विद्यालयों में कुल 156छात्र–छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। हंस फाउंडेशन की ओर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय विकासनगर में अध्ययनरत 106 छात्र–छात्राओं को कॉपियां वितरित की गई। प्रत्येक छात्र को पांच–पांच कॉपी मुहैया कराई गई। प्राथमिक विद्यालय चिरंजीपुर में 150 छात्र–छात्राओं को कॉपियां दी गई। हंस फाउंडेशन से जुड़े नगर पालिका सभासद शम्मी प्रकाश ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को पर्याप्त संसाधन मुहैया कराने के उद्देश्य से यह मुहिम शुरू की गई है, जिससे कि शिक्षा ग्रहण करने में संसाधनों की कमी आड़े न आ सके। कहा कि समान शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक के लगभग सभी विद्यालयों में छात्र–छात्राओं को संसाधन मुहैया कराए जाएंगे। इस दौरान हंस फाउंडेशन के जितेंद्र सिंह रावत, धीरेंद्र तड़ियाल, सीआरसी सरदार हरजिंदर सिंह, प्रधानाध्यापक बनीता राणा, सोमवती, दीपा रानी, बलवीर, सरिता रानी, मोहित बिष्ट, लवलेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 7 नवंबर को प्रदेशभर में निकाली जाएंगी लोकतंत्र बचाओ–उत्तराखंड बचाओ रैली



देहरादून। राज्य के स्थापना दिवस से दो दिन पहले आगामी सात नवंबर को प्रदेशभर में विभिन्न नागरिक संगठन एवं जन संगठन, विपक्षी दल धरना– प्रदर्शन करेंगे। रैलियां निकाली जाएंगी। इसे लोकतंत्र बचाओ–उत्तराखंड बचाओ आंदोलन नाम दिया गया है।

उत्तरांचल प्रेस क्लब देहरादून में गुरुवार को वक्ताओं ने कहा कि कार्यक्रम देहरादून, उत्तरकाशी, नैनीताल, रामनगर, बागेश्वर, श्रीनगर, चमियाला, पिथौरागढ़, पौड़ी, टिहरी, हरिद्वार, चमोली, और राज्य के अन्य जगहों में आयोजित होंगे। राज्य की जनता के सवाल उठाएंगे कि लोकतंत्र को कमज़ोर कर, जल जंगल जमीन पर लोगों के हकों को क्यों खत्म किया जा रहा है। आरोप लगाया कि बड़ी कंपनियों, भ्रष्ट अधिकारी और माफियों के हित में नीतियां बनाई जा रही हैं।

## छात्र-छात्राओं को बताया इगास का महत्व

**कोटद्वारः** शिशु मंदिर जानकीनगर कोटद्वार में इगास पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को इजास पर्व के महत्व के बारे में बताया। गुरुवार को विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल ने विद्यार्थियों को इगास पर्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा से जागते हैं। इसलिए इस तिथि को देवउठनी एकादशी भी कहा जाता है। मान्यता के अनुसार, भगवान राम के अयोध्या पहुंचने की सूचना गढ़वाल में 11 दिन बाद मिली थी। इसलिए गढ़वाल में 11 दिन बाद इगास पर्व मनाया जाता है। एक मान्यता यह भी है कि गढ़वाल के शूरवीर माधो सिंह भंडारी दीपावली के अवसर पर तिब्बत में युद्ध करते समय इतना उलझ गए थे कि दीपावली पर्व तक घर नहीं पहुंच पाए थे। तब गढ़वाल के लोगों ने दीपावली नहीं मनाई थी। लेकिन, 11 दिन बाद जब वह वापस लौटे तो इगास पर्व मनाया गया। इस मौके पर शिक्षक अंचल कुमार अग्रवाल, योगेश नेगी, गीता रावत, सुनीता पंत, पारखी, कीर्ति द्विवेदी, शिवानी बलोधी, अंजू, श्रेया चौधरी आदि मौजूद रहे।

# खोह नदी की भेंट चढ़ रहा मार्ग, आवासीय भवनों को भी खतरा

### ◆खोह नदी का रूख बदलने से रतनपुर– कुंभीचौड़ मार्ग हुआ खोखला
### ◆ट्रेचिंग ग्राउंड के कूड़े को नदी में गिरने से बचाने को बनाई गई है सुरक्षा दीवार

**संवद सहयोगी, कोटद्वार**

नगर निगम की लापरवाही से रतनपुर-कुंभीचौड़ मार्ग भू-कटाव की जद में आ गया है। गाड़ीघाट पुल से कुंभीचौड़ को जाने वाले मार्ग का अधिकांश हिस्सा खोह नदी की भेंट चढ़ गया।

दरसल, कुछ माह पूर्व नगर निगम ने ट्रेचिंग ग्राउंड के कूड़े को नदी में जाने से रोकने के लिए सुरक्षा दीवार बनाई थी। जिसके बाद खोह नदी का रूख आबादी की ओर हो गया है। ऐसे में कुंभीचौड़ वासियों के आवासीय भवनों पर भी खतरा मंडराने लगा है।

रतनपुर से कुंभीचौड़ को जोड़ने के लिए गाड़ीघाट पुल की ओर जाने वाला संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। मार्ग के नीचे से पूरी मिट्टी निकल गई है, जिससे मार्ग में दुर्घटना होने की खतरा बढ़ गया है। गाड़ीघाट में ट्रेचिंग ग्राउंड का विस्तार करते हुए नगर निगम ने नदी में ही सुरक्षा दीवार का निर्माण करवा दिया था। इससे नदी का रूख कुंभीचौड़ व रतनपुर में आबादी की ओर हो गया। ऐसे में रतनपुर–कुंभीचौड़ को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग का अधिकांश हिस्सा भी खोह नदी की भेंट चढ़ गया है। मार्ग से सफर करना किसी खतरे से खाली नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रेचिंग ग्राउंड की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को अब नदी के बदलते रूख से भी जूझना पड़ेगा। शिकायत के बाद भी नगर निगम ट्रेचिंग ग्राउंड को आबादी से हटाने को तैयार नहीं है।

### रात के अंधेरे में दुर्घटनाओं का अंदेशा

रतनपुर से कुंभीचौड़ को सफर करने वाले लोगों को रात के अंधेरे में सबसे अधिक खतरा बना हुआ है। दरअसल, अंधेरे में क्षतिग्रस्त मार्ग का अंदाजा नहीं लग पाता। जिससे लोगों को दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। जन हित को देखते हुए सरकारी सिस्टम ने अब तक उक्त मार्ग को आवाजाही के लिए बंद भी नहीं किया। यह मार्ग कब किसकी जिंदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता।

### ट्रेचिंग ग्राउंड भी बना नासूर

गाड़ीघाट खोह नदी के तट पर बना ट्रेचिंग ग्राउंड भी क्षेत्रवासियों के लिए नासूर बना गया है। दुर्गंध के कारण आसपास के लोगों का सांस लेना भी दूभर हो गया है। गंदगी से उठ रही दुर्गंध व कूड़ा जलने से फैल रहे जहरीले धुएं के बाद अब ट्रेचिंग ग्राउंड की सुरक्षा दीवार से भूस्खलन का खतरा सताने लगा है।



कोटद्वार में रतनपुर से कुंभीचौड़ को जोड़ने वाला क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग ।

### नहीं दिया जा रहा ध्यान

रतनपुर-कुंभीचौड़ मार्ग से हर रोज सैकड़ों लोग आवाही करते हैं। लेकिन, भूस्खलन की जद में आए मार्ग से लोगों को दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोग इस संबंध में कई बार शासन-प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं। लेकिन, अब तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर झांकने तक नहीं पहुंचा। ऐसे में स्थानीय लोगों में रोष बना हुआ है। जबकि, मार्ग का हिस्सा लगातार खोखला होता जा रहा है।

# अधर में मोटर मार्ग, ग्रामीणों ने जताया रोष

### दुगड्डा विकास खंड के अंतर्गत स्यालकंड़ी मोटर मार्ग निर्माण की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः दुगड्डा विकास खंड के अंतर्गत स्यालकंडी मोटर मार्ग का अधूरा निर्माण कार्य होने पर ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वह मार्ग के पूर्ण निर्माण के लिए कई बार शासन-प्रशासन को ज्ञापन दे चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

समस्या को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि उक्त सड़क की तीन किमी. के लिए वित्तीय स्वीकृति और टेंडर जारी होने के बाद भी अभी तक सड़क पर डेढ़ किमी. तक ही निर्माण कार्य हो पाया है। ग्राम प्रधान ताजबर सिंह नेगी ने कहा कि सड़क का निर्माण कार्य न होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोनिवि ने जुलाई 2021 में सड़क के लिए कटिंग आरंभ की, लेकिन वर्तमान में डेढ़ किमी. तक कटिंग होने के बाद कार्य बंद है। कहा कि इस संबध में अधिशासी अभियंता को ज्ञापन भी सौंपा गया था। ज्ञापन का संज्ञान न लेने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी। जिस पर विभागीय टीम ने कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामीणों को शीघ्र कार्य आरंभ करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य के शीघ्र प्रारंभ न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। बैठक में पूर्व प्रधान जयपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, सत्यपाल सिंह, राकेश सिंह, स्वयंवर सिंह, जितेंद्र सिंह, अंजू देवी और गोदांबरी देवी सहित समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

# कबड्डी में अयगांव की टीम ने मारी बाजी

### गुरु रामराय इंटर कॉलेज दिउला पौखाल में आयोजित की गई प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पौखाल के गुरु रामराय इंटर कॉलेज दिउला में कबड्डी सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान कबड्डी में अयगांव की टीम विजेता रही। इस दौरान बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया।

विद्यालय में आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य धर्मपाल सिंह बिष्ट, संकुल प्रभारी रेखा डंडरियाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में खेल के महत्व के बारे में बताया। कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे रहना चहिए। इस दौरान अंडर–14 बालक कबड्डी प्रतियोगिता में अयगांव विजेता व गूम उपविजेता रहा। बालिका वर्ग में पौखाल विजेता व जयगांव उपविजेता रहा। अंडर–17 बालिका वर्ग की सौ मीटर दौड़ में कामिनी, दौ सौ मीटर दौड़ में प्रिया, चार सौ मीटर दौड़ में रुपेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग 1500 मीटर दौड़ में अंजलि, तीन सौ मीटर में मोहित नेगी प्रथम रहा। वहीं, खो–खो अंडर–14 में पौखाल प्रथम जबकि, जयगांव द्वितीय स्थान पर रहा। इस मौके पर शशिभूषण अमोली, हेमलता खंतवाल, शाहजहां, कुंती आदि मौजूद रहे।



गुरू राम राय इंटर कालेज में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते विद्यार्थी।

## राष्ट्रीय ध्वज समय से नहीं उतारने पर डीएम नाराज

**पौड़ी** : कर्मचारियों की लापरवाही ऐसी हो चुकी है कि देश की शान का प्रतीक माने जाने वाले राष्ट्रीय ध्वज को उसके निर्धारित समय पर उतारने तक का वक्त नहीं रहा। कर्मचारियों की इसी लापरवाही पर डीएम ने संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के जवाब तलब किए हैं। पौड़ी के नवनियुक्त जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने प्रेक्षागृह, निर्वाचन विभाग, आपदा कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम कार्यालय के साथ ही जिला पंचायत कार्यालय में देर शाम भी तिरंगा कार्यालय के ध्वजदंड पर ही रह गया। जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए राष्ट्रीय ध्वज अधिनियम के उल्लघंन पाए जाने के मामले में जिला पंचातय व डीएम कार्यालय के संबंधित अधिकारी व कर्मचारी का स्पष्टीकरण तलब किया है।

# पेयजल कर्मचारियों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

### ◆11 सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं होने पर जताया रोष
### ◆मांगें पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की दी चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** 11 सूत्रीय मांगों को लेकर पेयजल कर्मचारियों ने गुरुवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। आक्रोशित कर्मचारियों ने समस्याओं का निराकरण नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। कहा कि कर्मचारियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गुरुवार को पेयजल तकनीकी/फील्ड कर्मचारी संगठन के बैनर तले कर्मचारियों जल संस्थान कार्यालय में धरना शुरू किया। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में आश्वासन के बाद भी उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों की ओर से लगातार उनका शोषण किया जा रहा है। हालत यह है कि कर्मचारियों को वर्दी का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। ढाई किलोमीटर पंप हाउस पिछले छह माह से बंद पड़ा हुआ है। जबकि, विभाग द्वारा ठेकेदार को पंप संचालन का नियमित भुगतान किया जा रहा है, अधिकारियों की इस लापरवाही से विभाग को वित्तीय हानि हो रही है। इस दौरान कर्मचारियों ने पंप हाउस में पर्याप्त मोबिल आयल देने, सेवानिवृत्त होने जा रहे कर्मचारियों के पेंशन प्रपत्र छह माह के भीतर तैयार करने, अनुबंध में कर्मचारियों का 21 माह का एकमुश्त भुगतान करने, नलकूप संख्या सात की मरम्मत करवाने की मांग उठाई। इस मौके पर संगठन के शाखा सचिव विजय कुमार, गजेंद्र सिंह चौहान, विजय पाल सिंह, रवूव सिंह, सवल सिंह आदि मौजूद रहे।



विभिन्न मांगों को लेकर कोटद्वार के जलसंस्थान कार्यालय में धरना देते कर्मचारी।

## प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण के लिए नशा और अपराध पर अंकुश लगाना जरूरी

**श्रीनगर :** पुलिस ने राजकीय पॉलीटेक्निक में जागरूता गोष्ठी के माध्यम से छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को साइबर अपराध व सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। साथ ही यातायात के नियमों के बारे में बताया। कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपमानजनक व्यवहार करता है या छेड़छाड़ करता है तो इन घटनाओं को कदापि नजर अंदाज न करें। इसकी सूचना तत्काल अपने परिजनों और पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि नशे की प्रवृत्ति बड़ी चिंता का विषय है। नशा एक भयंकर बीमारी का रूप लेता जा रहा है। जो युवा पीढ़ी को लगातार अपनी गिरफ्त में ले रहा है। इससे समाज में कैंसर जैसी कई लाइलाज बीमारी भी तेजी से पैर पसार रही हैं। शराब, सिगरेट, तंबाकू, एवं ड्रग्स जैसे जहरीले पदार्थ के सेवन ने युवाओं को अपराध के रास्ते पर धकेलना शुरू कर दिया है। इसलिए स्वस्थ समाज और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण के लिए नशा और अपराधों पर अंकुश लगाना जरूरी है। मौके पर प्रधानाचार्य एसके वर्मा, प्रभारी निरीक्षक हरिओमराज चौहान, उप निरीक्षक रणवीर चंद्र रमोला, आनंद प्रकाश, राजेंद्र व संजय कुमार आदि मौजूद थे।

# सड़क पर पलटी जीएमओयू की बस, बड़ा हादसा टला

### रिखणीखाल से कोटद्वार आते समय पिपलचौड़ के समीप हुआ हादसा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार।** रिखणीखाल से कोटद्वार आते समय चपरेट-पिपलीचौड़ के मध्य जीएमओयू की एक बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में बस सवार लोगों को हल्की चोट आई है। बस पहाड़ी पर चट्टान की ओर पलटी जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

गुरुवार दोपहर करीब एक बजे जीएमओयू की बस रिखणीखाल से सवारियों को लेकर कोटद्वार की ओर आ रही थी। बस में 25 से 30 सवारी मौजूद थी। इसी दौरान चपरेट-पिपलचौड़ के मध्य बस अनियंत्रित होकर चट्टान से टकराकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में बस सवार कुछ लोगों को हल्की चोट आई हुई है। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए मौके पर 108 भेजी गई। वहीं, जीएमओयू के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल ने बताया कि विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक कार को बचाने के चक्कर में चालक ने बस को चट्टान से टकराकर रोकने का प्रयास किया। लेकिन, बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई।

रिखणीखाल के चपरेट-पिपलीचौड़ मोटर मार्ग पर पलटी जीएमओयू की बस



### पूर्व में हो चुका है हादसा

अक्टूबर माह में बीरोंखाल के सिमड़ी के समीप जीएमओयू की एक बस खाई में गिर गई थी। यह बस लालढांग से बीरोंखाल बारात लेकर जा रही थी। दुर्घटना में बस सवार 33 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि, 19 घायल हो गए थे। दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार व ओवरलोडिंग बताया जा रहा था।

# इंदिरा व वंश दौड़े सबसे तेज

### शीतकालीन जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी।** जनपद पौड़ी के बेसित विद्यालयों की शरद एवं शीतकालीन प्रतियोगिताएं गुरुवार से शुरू हो गई है। इस दौरा 600 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में वंश व बालिका वर्ग में इंदिरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम कोटद्वार में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ लैंसडौन विधायक दिलीप सिंह रावत, मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटद्वार व जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा जनपद पौड़ी डॉ शिवपूजन सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोटडीढांग के बैंड दल की अगुवाई में समस्त विकास खंडों से आए हुए छात्र छात्राओं ने मुख्य अतिथियों को मार्च पास्ट करते हुए सलामी दी। राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र कोटद्वार की बालिकाओं ने मुख्य अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय देवीखाल के छात्र जुनेद अहमद ने खेल मशाल प्रज्वलित की एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उमरैला की छात्रा कुमारी खुशी नेगी ने समस्त छात्र छात्राओं को खेल भावना की शपथ दिलाई। इस दौरान आयोजित सब जूनियर वर्ग के बालकों की 600 मीटर दौड़ में नैनीडांडा के वंश ने प्रथम, कोट के रोबिन ने द्वितीय एवं पौड़ी के आयुष नेगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के सब जूनियर बालिका वर्ग में कोट की कुमारी इंदिरा ने प्रथम, बीरोंखाल की कशिश ने द्वितीय और रिखणीखाल की सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा डॉ शिवपूजन सिंह ने विजेता छात्र–छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर खेल प्रतियोगिताओं के संयोजक एवं विकासखंड दुगड्डा के उप शिक्षा अधिकारी अयाजुद्दीन, विकासखंड खिरसू के उप शिक्षा अधिकारी पी एल भारती, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ पौड़ी के अध्यक्ष भगत सिंह भंडारी, प्राथमिक शिक्षक संघ पौड़ी के अध्यक्ष मनोज जुगरान सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।



राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि ।

# बाधा दौड़ में इशिता, अवनि डबराल ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर :** श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल श्रीनगर की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के तृतीय दिन छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

बुधवार को बालक-बालिका वर्ग में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 800 मीटर रेस बालिका वर्ग में वंशिका, स्वाति, रिया, 1500 मीटर रेस बालिका वर्ग में अवनि डबराल, आरूषी लिंगवाल, सुहानी, कक्षा आठ बालिका वर्ग में आयुषी बुटोला, आलिया रावत, आस्था गुसांई ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर बालक वर्ग दौड़ में सौरभ, आयुष, अर्चित, बाधा दौड़ बालिका वर्ग कक्षा 6 में इशिता, रिया, आकांक्षा रौथान, कक्षा 7 में अवनि डबराल, शीतल राना, अदिति सुहानी, कक्षा 8 में आयुषी, आस्था, इच्छा कैंतुरा क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। लंबी कूद कक्षा 6 में वंशिका, खुशी पोखरियाल, खुशी चौहान, कक्षा 7 में अनुप्रिया सिंह, अवनि, रिया, कक्षा 8 में आयुषी, इच्छा और आलिया रावत क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय रहे। इस मौके पर प्रधानाचार्य दान सिंह बिष्ट ने कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास के साथ ही नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। इसलिए छात्रों को खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।



एसजीआरआर श्रीनगर में दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए बच्चे।

# जसपुर में कल से शुरू होगा सालाना उर्स



काशीपुर। बाबा भरपूर शाह के सालाना उर्स में उलेमा अकीदतमंदों को दीन की बातें बताएंगे। उर्स का आगाज मजार पर फातहा पढ़कर किया जायेगा। सात दिन चलने वाले उर्स में दुकानें लगनी शुरू हो गई हैं।

नौमी, दशहरा मेले के अलावा बाबा भरपूर शाह के उर्स में दुकानें लगाई जाती हैं। उर्स में दूर दराज से विभिन्न प्रकार के सामान की दुकानें, झूले,सर्कस आदि भी आते है। पिछले साल कोरोना के चलते उर्स में दुकानें नहीं लगाई गई थी। उर्स कमेटी के पदाधिकारी दिलशाद जग्गा, शहजाद जग्गा ने बताया कि यूपी, बिहार, दिल्ली आदि के उलेमा तकरीरी प्रोग्राम पेश करेंगे। उन्होंने कहा महिलाओं का इस्लामी इज्तिमा सात और नो नबंवर को उर्स मैदान में होगा। इजित्मा में दीन की बातें होंगी।

## वृद्धावस्था पेंशन के नियमों में संशोधन से बुजुर्गों को राहत

हल्द्वानी। वृद्धावस्था पेंशन के नियमों में संशोधन से तमाम लाभार्थियों को बड़ी राहत मिली है। समाज कल्याण विभाग की नई व्यवस्था के तहत अब बालिग पुत्र के माता–पिता भी वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त कर सकेंगे। शासन के नए आदेश के बाद हल्द्वानी तहसील क्षेत्र में पेशन के लिए एक सप्ताह में 150 से अधिक आवेदन आ चुके हैं। हल्द्वानी तहसील में तैनात सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल आर्या ने बताया कि पहले शासन स्तर से पुत्र के बालिग होने पर वृद्ध माता–पिता दोनों को वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल पा रही थी। जिसके लिए शासन स्तर से न्यूनतम मासिक आय 4 हजार रुपये होने का मानक भी रखा गया था।

# अग्निवीर भर्ती में असफल रहने पर खुदकुशी करने वाले कमलेश की मौत से हरदा दुखी

बागेश्वर : अग्निवीर भर्ती में असफल रहने पर जहर खाकर खुदकुशी करने वाले कमलेश गिरी के स्वजनों को सांत्वना देने वालों का तांता लगा है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी ट्वीटर पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। वहीं, उपजिलाधिकारी हरगिरी ने मृतक के स्वजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी है।

**कमलेश ने खुदकुशी से पहले बनाया था वीडियो**

फरसाली गांव के 21 वर्षीय कमलेश गिरी ने अग्निवीर भर्ती में सफलता न मिलने पर कुछ दिनों पहले जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पूर्व कमलेश ने वीडियो मैसेज भी रिकॉर्ड किया था, जो घटना के बाद से वायरल हो रहा है। बेटे की मौत के बाद से स्वजन आहत हैं। बीते मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद कमलेश के शव को गांव में समाधि दी गई। जिला प्रशासन की ओर से उपजिलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे।

इधर, जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कमलेश के आत्मघाती कदम पर दुख व्यक्त किया। कहा कि युवाओं को धैर्य व संयम बरतने की आवश्यकता है।

पूर्व सीएम हरदा ने किया ट्वीट

वहीं, अब पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने ट्वीट कर कहा, 'जब आकांक्षा दम तोड़ देती है। जब व्यक्ति को लगता है कि मेरे परिश्रम, मेरी योग्यता का मूल्य पाने से मुझे वंचित किया जा रहा है। मेरा हक मुझे नहीं मिल पा रहा है, तो व्यक्ति वह रास्ता अपना सकता है, जो उसे नहीं अपनाना चाहिए। कपकोट के नौजवान कमलेश गोस्वामी ने हताशा में एक ऐसा कदम उठा लिया, जिसने हम सबका सिर झुका दिया। कमलेश अग्निवीर के रूप में भर्ती न हो पाने से निराश होकर आत्महत्या करने वाला दूसरा नौजवान है।'पूर्व सीएम ने लिखा है, 'सेना में भर्ती होना उत्तराखंड के हजारों नौजवानों का एक जुनून है।

# नैनीताल में चोरी की वारदातों में शामिल दो गिरफ्तार



नैनीताल। पुलिस ने बीते दिनों हुई तीन चोरियों का खुलासा किया है। जिसमें दो आरोपियों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। टीम को विभाग की ओर से पुरस्कृत भी किया गया है। पिछले दिनों नैनीताल में लगातार चोरी की तीन घटनाएं हुईं थीं। एसएसपी के निर्देश पर सीओ विभा दीक्षित ने टीम गठित की। टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की खोजबीन शुरू कर दी। बुधवार रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी मुकेश धामी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने मल्लीताल क्षेत्र से बीते दिनों एक बाइक व दो अधिवक्ताओं के घरों से टीवी, लैपटॉप समेत अन्य सामान चोरी किया।

## नए भवन में शिफ्ट हुआ पाटी डिग्री कॉलेज

चम्पावत। पाटी डिग्री कॉलेज तीन साल बाद नए भवन में शिफ्ट हो गया है।

कॉलेज को शिफ्ट करने से पूर्व पूजा अर्चना की। 3.98 करोड़ रुपये की लागत से भवन का निर्माण किया है। अब तक कॉलेज बंद पड़े प्राथमिक स्कूल में संचालित हो रहा था। प्राचार्य आरके पांडेय ने बताया कि गुरुवार को डिग्री कॉलेज नए भवन में शिफ्ट किया गया।

इससे पूर्व पुरोहित जगन्नाथ गहतोड़ी ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए।

# भारत जोड़ो यात्रा के लिए अल्मोड़ा में जुटे दिग्गज

अल्मोड़ा : प्रदेश में आगामी 7 नवंबर से होने वाली भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता एकजुट होने लगे हैं। यात्रा अंतिम गांव माणा से शुरु होकर हरकी पैड़ी हरिद्वार में संपन्न होगी। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के माध्यम से उठाए जा रहे मुद्दों के साथ स्थानीय समस्याओं को लेकर भी जनता से संवाद किया जाएगा।

**तैयार की भारत जोड़ो यात्रा की रुपरेखा**

गुरुवार को मुख्यालय में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में प्रदेश में निकाले जाने वाली भारत जोड़ो यात्रा की रुपरेखा तैयार की गई। यात्रा की शुरुआत प्रदेश के अंतिम गांव चमोली जिले के माणा से होगी, जो न्याय पंचायत स्तर तक जाएगी। दूसरी यात्रा टिहरी, तीसरी नैनीताल से निकाली जाएगी, जो हरकी पैड़ी में खत्म होगी।

**इंदिरा गांधी की जयंती पर होंगे कार्यक्रम**



इसके अलावा कांग्रेस 14 नवंबर से 19 नवंबर तक इंदिरा गांधी की जयंती तक एक पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन भी कर रही है, जिसमें गांव–गांव विचार गोष्ठियों का आयोजन होगा। बैठक में आगामी निकाय व लोकसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा की गई।

**बैठक में न पहुंचने वालों पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई**

हरीश रावत के बैठक में शामिल नहीं होने के सवाल पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव ने कहा कि यह बैठक जिला, ब्लाक स्तर के पदाधिकारियों के साथ है। अगर हरीश रावत की जरूरत होगी तो वह न केवल बैठक में शामिल रहेंगे, बल्कि यात्रा का नेतृत्व भी करेंगे। उन्होंने कहा कि जो पदाधिकारी बैठक में नहीं पहुंचे, उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी यादव ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे देश में भारत जोड़ो यात्रा चल रही है।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न



अल्मोड़ा। महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज चनौदा में संकुल बृषभेश्वर का स्काउट गाइड द्वितीय सोपान का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य विजय भाकुनी ने किया। उन्होंने स्काउट गाइड से अनुशासित और व्यसनों से दूर रहकर सफल जीवन के लिए नियमों का पालन करने की अपील की। प्रशिक्षण शिविर में इंटर कॉलेज चनौदा, राजकीय कन्या हाईस्कूल चनौदा, राउमावि कांटली, राउमावि पच्चीसी के 50 से अधिक स्काउट गाइड ने भाग लिया। प्रशिक्षक पंकज कुमार भट्ट, दीपक नगरकोटी, ललित भाकुनी, निशा जोशी और शंकर सिंह बोरा ने फिजिकल एक्टिविटीज के अलावा टेंट निर्माण, डंबल योग, स्टिचिंग, काइट फ्लाइंग, जोगिंग, रनिंग आदि का प्रशिक्षण दिया।

## नई शिक्षा नीति पर किया मंथन

बागेश्वर। सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज बागेश्वर में विद्या भारती अखिल भारती शिक्षण संस्थान अल्मोड़ा–बागेश्वर संभाग के प्रधनाचार्यों का तीन दिवसीय सम्मेलन जारी है। सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि संस्कारवान शिक्षा देने में विद्या भारती अव्वल है। उन्होंने नई शिक्षा नीति पर भी विस्तार से चर्चा की। उस पर अमल करने का संकल्प लिया। कॉलेज सभागार में आयोजित सम्मेलन में दोनों जिलों के नौ संकुलों के 66 प्रधानाचर्यों ने भाग लिया। सम्मेलन में प्रांतीय अधिकारियों ने शिशु मंदिरों के क्रियाकलापों व उद्देश्यों के बारे में बताया। इसके अलावा आगामी सत्र के लिए कार्ययोजना तैयार की। नई शिक्षा नीति का शत–प्रतिशत पालन करने का संकल्प लिया गया।

# क्षेत्र में कम नहीं हो रहा डेंगू का प्रकोप

सितारगंज। सफाई व्यवस्था को लेकर प्रशासन गंभीर हो गया है। उप जिलाधिकारी ने पालिका प्रशासन के साथ ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण कर कूड़े के निस्तारण का निर्देश दिया। क्षेत्र में लगातार डेंगू मच्छर का प्रकोप बढ़ रहा है। सरकारी और निजी अस्पतालों में डेंगू के संभावित मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे है। तेज बुखार प्लेटलेट्स कम होने के मामले सामने आ रहे हैं। जिससे क्षेत्र में डेंगू के पनपने का खतरा बना हुआ है। एसडीएम ने बुधवार को पालिका प्रशासन के साथ मीटिंग कर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। गुरुवार को एसडीएम अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्या के साथ ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे। यहां उन्होंने कूड़े के निस्तारण के प्रस्तावित प्लांट का निरीक्षण कर निस्तारण के निर्देश दिए।



# विस्थापितों ने की भूमि पर मालिकाना हक की मांग

सितारगंज। मैग्नेसाइट लिमिटेड द्वारा अल्मोड़ा जिले से कल्याणपुर में बसाए गए विस्थापित परिवारों ने भूमि पर मालिकाना हक की मांग की है।

उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा में भूमि के बदले ही कल्याणपुर में उन्हें भूमि दी गई है। जिस वजह से भूमि पर उनका मालिकाना हक है। विस्थापितों ने पुना बंदोबस्ती प्रक्रिया का विरोध किया है।

गुरुवार को कल्याणपुर के विस्थापित परिवारों के लोग उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसडीएम को मांगपत्र सौंपकर कहा कि वे 50 साल से कल्याणपुर में खेती करते आ रहे हैं लेकिन उन्हें भूमि पर मालिकाना हक नहीं दिया गया है।

जबकि अल्मोड़ा जिले में उनकी पुश्तैनी भूमि लेकर ही कल्याणपुर में 175 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी। बदले की भूमि देने के बाद भी पांच दशक से उन्हें मालिकाना हक नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग ने चुपचाप दोबारा बंदोबस्ती प्रक्रिया की रिपोर्ट तैयार की है। जिसका वह विरोध करते हैं। विस्थापित परिवारों ने आरोप लगाया कि उन्हें विश्वास में नहीं लेकर भूमि की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। शासन स्तर से भी मनमाने तरीके से अभिलेखों में परिवर्तन किया जा रहा है। विस्थापित परिवारों ने भूमि पर मालिकाना हक नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस मौके पर मनोज तिवारी, नरेंद्र लाल, जगदीश प्रसाद, संतोष, शीला देवी, ललित रौतेला, महेश सिंह, घनश्याम सिंह, मदन सिंह, आनंद सिंह मौजूद रहे।



## सम्मान सूची में नाम न होने पर अतिथि शिक्षकों ने जताई नाराजगी

चम्पावत। राज्य स्थापना दिवस के मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने वाली सूची में अतिथि शिक्षकों के नाम न होने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई है। अतिथि शिक्षकों का आरोप है कि उन्होंने भी मेहनत के बलबूते शत प्रतिशत परिणाम दिया है। अतिथि शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष सुभाष गोस्वामी की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में अतिथि शिक्षकों ने कहा कि वह बीते सात साल से दुर्गम और अति दुर्गम स्कूलों में सेवाएं देकर परीक्षाफल शत प्रतिशत दे रहे हैं। इसके बाद भी उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान के लिए अतिथि शिक्षकों का नाम अग्रसारित नहीं किया गया है। जिससे अतिथि शिक्षकों में निराशा है। उन्होंने कहा कि कम मानदेय में काम करके भी वह शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में पूरा योगदान दे रहे हैं।

# डीएम ने किया वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण



बागेश्वर। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने गुरुवार को वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा ईवीएम व वीवीपैट संबंधी जानकारियां ली। जिला निर्वाचन अधिकारी स्ट्रॉग रूम सील, सीसीटीवी कैमरे, विभिन्न पंजिकाओं सहित सुरक्षा व्यवस्था का जायजा किया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं ठीक एवं दुरूस्त पाई गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाए एवं अपनी ड्यूटी का निर्वहन मुस्तैदी के साथ करें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी हरगिरि, सहायक निर्वाचन अधिकारी आरसी आर्या, तहसीलदार दीपिका आर्या आदि मौजूद थे।



# डीएम ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

बागेश्वर। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी जनता की शिकायतों को सालीनता के साथ सुने व उनका समय से समाधान करें। जिले में प्रस्तावित 34 मोबाइल टावरों के भूमि के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिक्रमण पर लगाम लगाने के लिए अधिकारी कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें।

## भाजपा कार्यकर्ता ने पुलिस कर्मी पर लगाया वसूली का आरोप

नैनीताल। नैनीताल में एक भाजपा कार्यकर्ता ने पुलिस कर्मी पर अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पुलिस जवान ने शराब के नशे में भाजपा कार्यकर्ता से अभद्रता भी की। जिसके बाद भाजपाईयों ने इस संबंध में एसएसपी से शिकायत की।

पुलिस मामले की जांच कर रही है।मल्लीताल क्षेत्र में एक अस्थायी दुकान लगाने वाले भाजपा कार्यकर्ता ने यहां तैनात पुलिस कर्मी पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पुलिस कर्मी ने युवक से बगैर रुपये दिए सामान मांगा। इसका विरोध किया गया तो शराब के नशे में धुत पुलिस कर्मी ने उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी।

# आज 11निर्धन कन्याओं का होगा विवाह



काशीपुर। बाल सुंदरी परिणय सेवा समिति ने 11 निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभी कन्याओं का विवाह धार्मिक रीति रिवाज के साथ संपन्न कराया जायेगा। गुरुवार को समिति के अध्यक्ष आनंद कुमार ने सामूहिक विवाह समारोह को लेकर पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा उनके पिता समाजसेवी स्व. बाबूराम ने जो परंपरा शुरू की थी। वह उसे ही आगे बढ़ा रहे हैं। कहा इस कार्य में उन्हें सभी का सहयोग मिल रहा है। बताया कि आज यानी चार नवंबर को समिति द्वारा विवाह समारोह का आयोजित किया जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह दस बजे रामलीला मैदान से 11 दूल्हों की सामूहिक बारात निकलेगी जो कि चैती मंदिर स्थित मां बाल सुन्दरी देवी के मंदिर तक पहुंचेगी। जहां समस्त वैवाहिक कार्यक्रम मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री द्वारा संपन्न कराये जाएंगे। कहा समिति 2019 तक 122 निर्धन कन्याओं का विवाह करा चुकी है।

# डीएम बोले खेल को कैरियर के रूप में अपनाये

## स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून की टीम ने 2-0 से जीता उदघाटन मैच डीएम ने किया राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए आयोजक मंडल के सदस्य।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : श्रीकोट गंगानाली स्थित सीडीएस बिपिन रावत स्टेडियम में राज्य स्तरीय स्कूली बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज हुआ। प्रदेश के शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने प्रतियोगिता का वर्चुअली उद्घाटन करते हुए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के आयोजन पर भी विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही। मार्च पास्ट की सलामी जिलाधिकारी आशीष चौहान ने ली। उदघाटन मैच स्पोर्टस कॉलेज देहरादून की टीम और जनपद देहरादून की टीम के बीच खेला गया। जिसमें स्पोर्टस कॉलेज देहरादून की टीम ने 2-0 से मैच जीत लिया। दूसरा मैच जनपद पौड़ी बालिका एवं जनपद देहरादून बालिका की टीम के बीच हुआ। जिसमें जनपद देहरादून की टीम ने 2-1 से मैच जीता।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने शिक्षा विभाग के तत्वावधान में श्रीनगर के श्रीकोट गंगानाली स्थित विपिन रावत स्टेडियम में राज्य स्तरीय अण्डर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया। जिलाधिकारी ने सभी खेल खिलाड़ियों को बेहतर खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने को प्रेरित किया। उन्होंने खेल प्रतिभागियों से कहा कि वे तय कर लें कि उन्हें किस खेल में अपना कैरियर बनाना है। एक कैरियर के तौर पर खेल इवेंट का चयन बहुत-बहुत सारी चीजें देखकर करना चाहिए ताकि सफलता के अधिक से अधिक मौके मिल सके। उन्होंने आयोजकों से कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को और बेहतर तरीके से आयोजित करने की संभावना देखें, जिसमें विशेषज्ञता के साथ गुणवत्ता बेहतर दिखनी चाहिए। जिलाधिकारी प्रतियोगिता के आयोजन के अतिरिक्त खर्च की पूर्ति करने का भी आश्वासन दिया।

इस अवसर पर एनसीसी बैण्ड, सरस्वती विद्या मंदिर, सरस्वती शिशु मंदिर, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीकोट गंगानाली के साथ ही विभिन्न जनपदों की टीमों द्वारा परेड़ के माध्यम से जिलाधिकारी को सलामी दी गयी। वहीं प्रतिभागी टीमों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सुन्दर प्रस्तुतिकरण किया गया। इस अवसर पर अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा महावीर सिंह बिष्ट, उपजिलाधिकारी श्रीनगर जयवीर सिंह, मुख्य शिक्षाधिकारी डॉ. आनन्द भरद्धाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्मिक, खेलप्रेमी, प्रतिभागी और आमजनमान उपस्थित थे। कार्यक्रम समन्वयक जयकृत भंडारी ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ खिर्सू अश्वनी रावत ने की। इस मौके पर डीईओ राजेंद्र कुशवाह, डायट प्राचार्य लक्ष्मण सिंह दानू, प्रधानाचार्य एसएस मेहरा, जेपी डिमरी, आरएस किमोठी, जेएस चौहान, सीएम रावत, महेंद्र सिंह नेगी, कृपाल सिंह पटवाल, केशर सिंह कोटियाल, सुमनलता पंवार, जयदीप रावत, मनमोहन सिंह चौहान, बलराज गुसांई, मेहरबान कंडारी, गजेंद्र सिंह नेगी, दुर्गेश बड़थ्वाल, वाईएस नेगी आदि मौजूद रहे। संचालन विनय किमोठी व नीरज नैथानी ने किया।

## अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : श्रीनगर कोतवाली पुलिस ने नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली निरीक्षक हरि ओमराज चौहान ने बताया कि चैकिंग के दौरान पुलिस ने योगेंद्र सिंह (35) को स्वीत पुल पर वाहन के साथ गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आरोपी से 144 पव्वे, 72 अद्दे अवैध अंग्रेजी एवं 48 कैन ब्रांड गॉड-फादर बियर व अवैध शराब को विक्रय कर प्राप्त 28,300 रूपए की धनराशि बरामद की गई। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ कोतवाली श्रीनगर में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। टीम में उप निरीक्षक अजय भट्ट, आरक्षी मनोज कुमार, महेंद्र सिंह शामिल रहे।

## चोरी करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार। कोतवाली पुलिस ने मानपुर में हुई चोरी का 24 घंटे में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक अभियुक्त को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार गत बुधवार को नन्द किशोर कुकरेती पुत्र स्व. गोविन्द राम निवासी वार्ड 17 मानपुर, कोटद्वार ने तहरीर दर्ज कराई। तहरीर में नन्द किशोर कुकरेती ने बताया कि राजेन्द्र पुत्र नरेश कुमार निवासी गाडीघाट, कोटद्वार के द्वारा उनके घर से एक अदद लोहे की राड/पाइप चोरी कर ली है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 380/411 के तहत मुकदमा दर्ज किया। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक मनोज शर्मा के सुपुर्द की गयी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राजेन्द्र पुत्र नरेश कुमार निवासी गाडीघाट कोटद्वार को गाडीघाट से गिरफ्तार कर चोरी की लोहे की राड/पाइप बरामद कर लिया है। पुलिस अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी ले रही है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनोज शर्मा, कांस्टेबल जयपाल सिंह शामिल थे।


### खोया-पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पोस्ट ऑफिस रेलवे स्टेशन कोटद्वार के 13 कार्ड जिनका नंबर HFH 0061271, 0061272, 0061273, 0061274, 0061275, 0061276, 0061277, 0061278, 0061279, 0061280, 0061281, 0061282, 0061283 है तथा कही खो गये है।

**अभिकर्ता**
**गणेशी देवी**
**मानपुर, कोटद्वार**
**पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड**


# समय से राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियां पूरी करें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल में राज्य स्थापना धूमधाम से मनाया जायेगा।

जिलाधिकारी ने राज्य स्थापना दिवस को ब्लॉक स्तर पर भव्य तरीके से मनाये जाने के लिए आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों/मंत्रीगणों की उपस्थित हेतु उपजिलाधिकारी जनप्रतिनिधियों से आवश्यक समन्वय स्थापित करें। सभी विभागीय अधिकारी समय से राज्य स्थापना दिवस की तैयारियां पूरी करेंगे।जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में 22 वें राज्य स्थापना दिवस के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागों को राज्य स्थापना दिवस की सभी तैयारियां समय पूरी करने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने जनपद की समस्त नगर निकायों समेत ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाने, शहीद स्मारकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारकों व राष्ट्रीय प्रतीकों के आस-पास साफ-सफाई व सफेदा लगाने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने कहा कि सफाई अभियान के दौरान संकलित प्लास्टिक का सुरक्षित तरीके से निस्तारण करना करें। जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़े माहानुभावों, राज्य आन्दोलनकारियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रुप से आमंत्रित करें। उन्होने श्रम व समाज कल्याण विभाग को राज्य स्थापना दिवस पर संयुक्त रुप से बहुद्देशीय शिविर लगाने के निर्देश दिये हैं, ताकि श्रमिकों और दिव्यांगजनों को उनसे सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी व उन योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डें, परियोजना निदेशक डीआरडीए संजीव कुमार राय, मुख्य शिक्षाधिकारी डॉ. आनन्द भरद्धाज, जिला पंचायतराज अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कार्यशाला में ग्रामीण नियोजन को लेकर की चर्चा

नई टिहरी : पंचायती राज मंत्रालय के तहत भोपाल मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाली कार्यशाला में पहले दिन जनपद टिहरी गढ़वाल की जिपं अध्यक्ष सोना सजवाण ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में ग्रामीण नियोजन को लेकर गहन चर्चा हुई। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण ने ग्रामीण नियोजन में आ रही परेशानियां सामने रखी।

जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण ने बताया कि दो दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन शिरकत की।

# 64 उपनिरीक्षक बनें एसएसबी का अभिन्न अंग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र सशस्त्र सीमा बल श्रीनगर में गुरुवार को 21वें उपनिरीक्षक (सीधी भर्ती) का दीक्षांत समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह में प्रशिक्षु उप निरीक्षकों ने अपना जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पण करने की शपथ ली। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि महानिरीक्षक सीमांत मुख्यालय रानीखेत चांस केशिंग ने परेड की सलामी ली।

महानिरीक्षक चांस केशिंग ने कहा कि वर्तमान में यह बल भारत-नेपाल और भारत-भूटान के मध्यम अंतरराष्ट्रीय सरहदों की सुरक्षा का दायित्य संभाले हुए है। उन्होंने प्रशिक्षित उप निरीक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि 48 सप्ताह का गहन प्रशिक्षण आपके कर्तव्य को सक्षम रूप से पूरा करने में आवश्यक कौशल से सक्षम करता है। इस मौके पर प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे प्रशिक्षुओं को पुरस्कृत कर बधाई दी।

मौके पर उप महानिरीक्षक सीटीसी श्रीनगर सृष्टिराज गुप्ता ने कहा कि 64 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण की अवधि में शारीरिक एवं मानसिक तौर पर क्षमता प्रदान करने के साथ-साथ इनकी सोच को सकारात्मक बनाने का प्रयास किया गया है। जिससे बल की निरंतर बढ़ती हुई जिम्मेदारियों में यह सभी सशक्त एवं सफल कमांडर के दायित्व का सपलतापूर्वक निवर्हन कर सकें। कहा इनमें निर्भिकता का भाव संचार करने के उद्देश्य से पर्वतारोहण, तैराकी, घुड़सवारी, ड्राइविंग आदि साहसिक गतिविधियों का अवसर भी प्रदान किया गया। इससे पूर्व येतन नेगी कमाडेंट सीटीसी श्रीनगर द्वारा प्रशिक्षुओं को राष्ट्रीय ध्वज व निशान के समक्ष संविधान को साक्षी मानकर पद और गोपनियता की शपथ दिलाई गई।

## अवतार सिंह हत्याकांड का आरोपित गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार।** अवतार सिंह हत्याकांड का शातिर आरोपित भरत सिंह उर्फ भारत को रिखणीखाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी से बचने के लिएं आरोपित ठिकाने बदल रहा था। राजस्व पुलिस से 30 सितम्बर 2022 को मामले की जांच रेगुलर पुलिस को हस्तातंरित की गई थी। पुलिस के अनुसार 28 सितम्बर 2022 को वादी जितेन्द्र सिंह पुत्र अवतार सिंह नविासी ग्राम भंडूखाल, तहसील रिखणीखाल ने राजस्व पुलिस चौकी पट्टी पेनो-3 पौड़ी गढ़वाल में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि अभियुक्त भरत सिंह ने मेरे पिता की हत्या कर दी है। जिस सम्बन्ध में राजस्व पुलिस चौकी पट्टी पेनो-3 पौड़ी गढ़वाल में आईपीसी की धारा 302 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। चेकि जघन्य अपराध होने के कारण विवेचना राजस्व पुलिस से नियमित पुलिस को 30 सितम्बर 2022 को स्थानांतरित की गई। जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष रिखणीखाल अरविन्द कुमार को सौंपी गई। थानाध्यक्ष रखणीखाल अरविन्द कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। बुधवार देर सांय को पुलिस टीम ने अभियुक्त भरत को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। पुलिस ने अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही हेतु न्यायिक रिमांड न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा अभियुक्त का न्यायिक रिमांड स्वीकृत करते हुए जिला कारागर भेजा जा रहा है। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी ली जा रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार, कांस्टेबल लोयन कुमार, सूरवीर, रूकम सिंह, हरीश, बबीता आदि शामिल थे।

# मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराये : डीएम



डीएम डॉ. आशीष चौहान उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने श्रीनगर स्थित राजकीय संयुक्त उप जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को चिकित्सालय में बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने के लिए सम्बन्धित चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में ट्रॉजिट हॉस्टल निर्माण, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने, ब्लड स्टोरेज और प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण के सम्बन्ध में प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये हैं। ब्लड स्टोरेज व प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु भूमि के चयन को लेकर जिलाधिकरी ने तहसीलदार श्रीनगर को चिकित्सालय परिसर की भूमि से सम्बन्धित दस्तावेजों को उपलब्ध करवाने के साथ ही चिकित्सा अधीक्षक को इस सम्बन्ध में विधिवत कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय के पीछे से आवागमन हेतु वैकल्पिक रास्ता बनाने हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये हैं। इस मौके पर उप जिलाधिकारी श्रीनगर अजयवीर सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आनन्द सिंह राणा सहित चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## वीआईपी सड़क खस्ताहाल, विभाग बेखबर

चमोली : गैरसैंण स्थित डाक बंगला रोड जिससे स्थानीय लोग वीआईपी रोड के नाम से भी जानते हैं वर्तमान में इसकी स्थिति खस्ताहाल बनी हुयी है, जिससे स्थानीय व्यापारियों में रोष व्याप्त है। व्यापार संघ अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बिष्ट का कहना है कि इस मार्ग के मरम्मत के लिए कई बार स्थानीय लोक निर्माण विभाग शाखा गैरसैंण से गुहार लगायी जा चुकी है लेकिन विभाग बेखबर बना हुआ है। बता दें कि गैरसैंण चौराहे से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र, ब्लॉक, थाना, डाक बंगला, एसडीएम निवास से जीएमवीएन तक लगभग 700 मीटर शाखा मार्ग लोनिवि के और मुख्य मार्ग एनएच के अधीन है। (एजेन्सी)

## पीएम आवास योजना के अपूर्ण आवासों को 30 नवंबर तक पूर्ण करें : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरुवार को वर्चुअल माध्यम से सभी अधिशासी अधिकारियों की बैठक लेते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और पीएम स्वानिधि योजना की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत अपूर्ण आवासों की स्थिति में तेजी से सुधार लाते हुए आगामी 30 नवंबर तक सभी आवासों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि निकाय स्तर पर रेग्यूलर मॉनिटरिंग की जाए और इसकी प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध करें। धनराशि के अभाव में जिन आवासों का काम रूका हुआ है, उनकी सूची तत्काल उपलब्ध करें। हिदायत दी कि प्रत्येक सप्ताह इसकी समीक्षा की जाएगी और वांछित प्रगति न मिलने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

www.ireps.gov.in

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या दिनांक | 243-DRM-MB-22-23 Date: 03.11.2022 |
| कार्य का नाम | [illegible] |
| टेण्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 15.11.2022 15:00 बजे |
| अनुमानित लागत | 1,14,99,976.83 |
| धरोहर राशि | 2,07,500.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 04.11.2022 |
| ऑफर की वैधता | 30 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |

टेण्डर नं.: T5-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 03.11.2022 2935/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी माता का नाम शाकम्बरी देवी दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। जबकि मेरी माता का सही व वास्तविक नाम शाखा देवी (SAKHA DEVI) है।

अतः मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी माता का सही व वास्तविक नाम शाखा देवी (SAKHA DEVI) लिखा व पढ़ा जाय।

**नं0- 3400391 रेंक हवलदार सरताज सिंह पुत्र स्व0 चन्दन सिंह रावत ASSAM RIF C/o 99 APO निवासी ग्राम बराई, पोस्ट तिमलसैण्ड, तहसील लैन्सडौन, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार

### अति अल्पकालीन कोटेशन सूचना

पत्रांक 2434 / कोटेशन / / 2021-22 दिनांक 03/11/2022

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु सीलबन्द कोटेशन आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 10.11.2022 की अपराह्न 3.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में शाखा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। यह कोटेशन दिनांक 11.11.2022 की सांय 3.30 बजे तक शाखा में जमा करायी जा सकेगी। प्राप्त कोटेशन, उसी दिन सांय 4.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है अथवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|
| (A) | विकास खण्ड यमकेश्वर के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त निम्न पेयजल योजनाओं में मरम्मत का कार्य। | |
| 1 | खरदूणी पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 2 | नीलकंठ पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 3 | फल्दाकोट पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 4 | फल्दाकोट पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 5 | फल्दाकोट पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-3) | D एवं उच्चतर |
| 6 | फल्दाकोट पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-4) | D एवं उच्चतर |
| 7 | फल्दाकोट पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-5) | D एवं उच्चतर |
| 8 | फल्दाकोट पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-6) | D एवं उच्चतर |
| 9 | फल्दाकोट पम्पिंग पेयजल योजना (भाग-7) | D एवं उच्चतर |
| 10 | नैल गुजराडा पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 11 | नैल गुजराडा पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 12 | नैल गुजराडा पेयजल योजना (भाग-3) | D एवं उच्चतर |
| 13 | हरसोली पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 14 | हरसोली पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 15 | धमन्द पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 16 | धमन्द पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 17 | नाई (कुमार्था) पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 18 | नाई (कुमार्था) पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 19 | नाई (कुमार्था) पेयजल योजना (भाग-3) | D एवं उच्चतर |
| 20 | आमडी मल्ली पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 21 | आमडी मल्ली पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 22 | उमरौली पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 23 | जहरी मल्ली पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 24 | तोलसारी पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 25 | परिन्दा पम्पिंग पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 26 | दिवोगी पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| (B) | विकासखण्ड द्वारीखाल के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त निम्न पेयजल योजनाओं में मरम्मत का कार्य। | |
| 27 | कोला पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 28 | कोला पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 29 | सिराई जौली पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 30 | सिराई जौली पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 31 | भलगांव पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 32 | भलगांव पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| (C) | विकासखण्ड दुगड्डा के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त निम्न पेयजल योजनाओं में मरम्मत का कार्य। | |
| 33 | बस्यूगुणी पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 34 | बस्यूगुणी पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 35 | सिमलना तल्ला पेयजल योजना (भाग-1) | D एवं उच्चतर |
| 36 | सिमलना तल्ला पेयजल योजना (भाग-2) | D एवं उच्चतर |
| 37 | बिन्दलगांव पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| (D) | विकासखण्ड नैनीडांडा के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त निम्न पेयजल योजनाओं में मरम्मत का कार्य। | |
| 38 | कोचियार पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 39 | व्यासी पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| (D) | विकासखण्ड रिखणीखाल के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त निम्न पेयजल योजनाओं में मरम्मत का कार्य। | |
| 40 | मझियाडी सैंण पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 41 | पटोटिया पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| (E) | विकासखण्ड जयहरीखाल के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त निम्न पेयजल योजनाओं में मरम्मत का कार्य। | |
| 42 | बांसी पम्पिंग पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 43 | पैनल गांव पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 44 | मौली पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |

शर्तें :-

1- कार्य उत्तराखण्ड जल संस्थान के सहायक अभियन्ता के निर्देशानुसार करना होगा।
2- निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
3- कार्य पूर्ण होने के 01 वर्ष पश्चात ही धरोहर राशि वापस की जायेगी।
4- ठेकेदार द्वारा लिफाफे पर योजना का नाम एवं ठेकेदार का नाम तथा पता अंकित होना अनिवार्य है।
5- कोटेशन प्रपत्र पर जी0एस0टी0 नं0 अंकित करना अनिवार्य होगा।
6- अधोहस्ताक्षरी को किसी अथवा समस्त कोटेशनों को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।
7- सशर्त कोटेशन स्वीकार नहीं की जायेगी।
8- कार्य स्थल का निरीक्षण करने के उपरान्त ही निविदा क्रय करे।
9- निर्धारित अवधि के अन्दर ही कार्य पूर्ण करना आवश्यक होगा।
10- योजना पर मरम्मत कार्य पूर्ण होने के पश्चात् कार्य सन्तुष्टि प्रमाण पत्र सम्बन्धित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से प्राप्त करना आवश्यक होगा।
11 - कार्य करने से पूर्व एवं कार्य करने के उपरान्त की फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराने अनिवार्य होंगे।
12- चूंकि कार्य तत्कालिक मरम्मत एवं जलापूर्ति सुचारू किये जाने से सम्बन्धित है। अतः अनुबन्धित फर्म/ठेकेदार द्वारा संतोषजनक रूप से कार्य नहीं किये जाने पर फर्म को विभाग द्वारा एक सप्ताह का नोटिस देकर किसी भी समय अनुबन्ध समाप्त किया जा सकता है तथा ऐसी स्थिति में सम्बन्धित फर्म की जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी, और किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

अधिशासी अभियन्ता

## सम्पादकीय

# भाजपा की मुसीबत बागी!

हिमाचल प्रदेश में भाजपा हर पांच साल में सत्ता बदल देने का रिवाज बदलने की परंपरा को बदलने के नारे के साथ लड़ रही है लेकिन पांच साल की प्रदेश की और आठ साल की केंद्र की एंटी इन्कंबैंसी के बीच बागियों ने पार्टी की सिरदर्दी बढ़ाई है। एंटी इन्कंबैंसी कम करने के लिए पार्टी ने विधायकों की टिकट काटी लेकिन इससे पार्टी के अंदर बगावत बढ़ गई। इसी तरह टिकट बंटवारे में पार्टी ने कांग्रेस से आए कुछ नेताओं और विधायकों को टिकट दी, जिसकी वजह से भाजपा के पुराने नेता बागी होकर चुनाव मैदान में उतरे। उम्मीद की जा रही थी कि शनिवार को नाम वापसी के आखिरी दिन तक भाजपा अपने बागियों को मना लेगी लेकिन एकाध को छोड़ कर उसके तमाम बागी मैदान में हैं। बागियों को मनाने के लिए खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमान संभाली थी। हिमाचल उनका गृह प्रदेश है इसलिए वे निजी तौर पर सभी छोटे बड़े नेताओं को जानते हैं। उनके साथ साथ मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भी पूरी मेहनत की। पार्टी के आला नेताओं की पहल पर पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार भी गुस्सा छोड़ कर बागियों को मनाने और पार्टी के लिए प्रचार में उतरे। दूसरे पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार को धूमल को भी इस काम में लगाया गया और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी बड़ी मेहनत की। फिर भी करीब एक दर्जन सीटों पर बागी नेता भाजपा का खेल बिगाड़ रहे हैं। इसके उलट कांग्रेस ने आठ बागी उम्मीदवारों के नाम वापस करा दिए। हालांकि अब भी उसके छह नेता बागी होकर लड़ रहे हैं, जिनको पार्टी से निकाला गया है। बहरहाल, भाजपा के पूर्व विधायक तेजवंत सिंह नेगी किन्नौर सीट से निर्दलीय लड़ेंगे। उनको मनाने की कोशिशें कामयाब नहीं हुई। इसी तरह देहरा सीट पर भाजपा के बागी होशियार सिंह ने नाम वापस नहीं लिया। अकेले कुल्लू की छह में से चार सीटों पर भाजपा के बागी चुनाव लड़ रहे हैं। मनाली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर को प्रत्याशी बनाया है, जिनके विरोध में पार्टी के दूसरे नेता महेंद्र सिंह ठाकुर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। नालागढ़ में भाजपा के पूर्व विधायक केएल ठाकुर निर्दलीय लड़ रहे हैं। पार्टी ने पिछली बार उनको हराने वाले कांग्रेस के लखविंदर राणा को टिकट दिया है। सो, केएल ठाकुर के समर्थकों ने पूरे इलाके में भाजपा मुर्दाबाद और कमल छाप पर क्रस के निशान के पोस्टर लगाए हैं। कुल्लू सदर से बागी हुए महेश्वर सिंह को मनाने में भाजपा कामयाब रही, लेकिन उनका दुख समाप्त नहीं हुआ है, वे प्रचार के दौरान नड्डा के सामने मंच पर ही रो पड़े। इससे भाजपा के प्रत्याशी नरोत्तम सिंह की मुश्किलें बढ़ी हैं। बंजार विधानसभा क्षेत्र से महेश्वर सिंह के बेटे हितेश्वर सिंह बागी होकर चुनाव मैदान में हैं। आनी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा का टिकट सीपीएम से आए लोकेंद्र को देने के विरोध में निवर्तमान विधायक किशोरी लाल सागर ने बगावत की है। बागी नेताओं से कांग्रेस को इतनी परेशानी हुई है कि चुनाव के बीच संगठन में बदलाव करना पड़ा है और प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने सात जिलों में कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए हैं।

# अंधकार में जाने की होड़

भारत इस समय किस मुकाम पर है? नेताओं के पास देश को सचमुच समृद्ध बनाने का कोई सुझाव नहीं है। बल्कि उनमें होड़ छिड़ी है कि कौन अंधकार का कितना साया फैला सकता है।

अरविंद केजरीवाल को इलहाम हुआ। जैसाकि उन्होंने बताया कि जब वे दिवाली के दिन लक्ष्मी-गणेश की पूजा कर रहे थे, तभी ये विचार उनके दिमाग में कौंधा। इस तरह उन्हें भारत को समृद्ध बनाने का फर्मूला मिल गया। फर्मूला यह है कि अगर भारत की मुद्रा रुपये पर लक्ष्मी-गणेश की तस्वीरें छापी जाएं, तो भारत एक समृद्ध देश बन जाएगा। उनके तर्क पर गौर कीजिए। केजरीवाल ने कहा कि व्यापारी इसीलिए धनी होते हैं, क्योंकि वे लक्ष्मी-गणेश के फोटो लगा कर रखते हैँ। सरल बात है कि जब इस कारण व्यापारी धनी हो सकते हैं, तो पूरा देश क्यों नहीं! तो अब केजरीवाल ने केंद्र से गुजारिश कर दी है कि वह जल्द से जल्द इस बारे में फैसला ले। बहरहाल, ये फर्मूला देश को समृद्ध बनाएगा या नहीं, यह दीगर प्रश्न है। इससे केजरीवाल को (कम से कम उन्हें तो यह लगता ही है) अपनी उच्चवर्णीय हिंदू छवि पेश कर इस मोर्चे पर भाजपा का मुकाबला करने का एक औजार जरूर मिलेगा।

**केजरीवाल ने कहा कि व्यापारी इसीलिए धनी होते हैं, क्योंकि वे लक्ष्मी-गणेश के फोटो लगा कर रखते हैँ। सरल बात है कि जब इस कारण व्यापारी धनी हो सकते हैं, तो पूरा देश क्यों नहीं! तो अब केजरीवाल ने केंद्र से गुजारिश कर दी है कि वह जल्द से जल्द इस बारे में फैसला ले। बहरहाल, ये फर्मूला देश को समृद्ध बनाएगा या नहीं, यह दीगर प्रश्न है। इससे केजरीवाल को (कम से कम उन्हें तो यह लगता ही है) अपनी उच्चवर्णीय हिंदू छवि पेश कर इस मोर्चे पर भाजपा का मुकाबला करने का एक औजार जरूर मिलेगा।**

इस तरह हाल में उनकी सरकार के एक दलित मंत्री के ड. अबेंडकर की हिंदू धर्म का प्रतित्याग करने संबंधित प्रतिज्ञाएं दोहराने से उनकी पार्टी के सामने जो मुसीबत आई, उससे कुछ मुक्ति मिलेगी। गौरतलब है कि उस मंत्री के उन प्रतिज्ञाओं को दोहराने की खबर को भाजपा ने बड़ा मुद्दा बनाया। जिस समय गुजरात में विधानसभा चुनाव की बिसात सज चुकी है, केजरीवाल को अपने लिए यह नुकसान का सौदा लगा। इसलिए तुरत-फुरत उन्होंने उस मंत्री की टुट्टी कर दी। अब उन्होंने आगे बढ़ कर भाजपा को घेरने की चाल चली है।

यह इस बात का संकेत है कि भारत इस समय किस मुकाम पर पहुंच गया है? जो नेता चर्चा में हैं, उनके पास देश को सचमुच समृद्ध बनाने का कोई गंभीर सुझाव नहीं है। उनमें इस बात की होड़ छिड़ी हुई है कि कौन अंधकार का कितना साया फैला सकता है, जिससे जनता को और कुछ ना दिखे। केजरीवाल का उदय कथित नई राजनीति शुरू करने का वादा करते हुए हुआ था। तब उन्हें अहसास हो गया कि अगर अंधकार का साया ठीक से फैलाया जाए, तो अच्टे-अच्टे अपनी दृष्टि खो देते हैं। अब वे उसी फर्मूले को आगे बढ़ा रहे हैं।

# केजरीवालःअसल हिंदू योद्धा!

**अजीत द्विवेदी**

आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भारतीय मुद्रा पर लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर लगाने का सुझाव देकर देश की राजनीति में हलचल मचा दी है। इससे उनकी राजनीति की नए सिरे से व्याख्या होने लगी है। लेकिन असल में यह कोई नई राजनीति नहीं है, बल्कि केजरीवाल बरसों से जो राजनीति कर रहे हैं उसी का एक नया दांव है। राजनीति शुरू करने से पहले, जब वे सामाजिक कार्यकर्ता थे और भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन कर रहे थे, तब भी वैचारिक रूप से वे हिंदुत्व और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की ओर से प्रचारित व स्थापित की गई राष्ट्रवाद के सिद्धांत को मानने वाले थे। राजनीति भी उन्होंने इसी लाइन पर की। यह एक भ्रम था, जो थोड़े समय बना रहा कि आम आदमी पार्टी उत्तर विचारधारा यानी पोस्ट आइडियोलजी पार्टी है और गवर्नेंस के मडल पर चलती है। यह भ्रम टूटे भी काफी समय हो गया।

याद करें, जब आम आदमी पार्टी में दिल्ली विधानसभा का अपना दूसरा चुनाव लड़ रही थी तब एक वीडियो लीक हुआ था, जिसमें केजरीवाल बड़ी हिकारत के साथ कह रहे हैं कि मुसलमानों के लिए चार टिकट पर्याप्त है। उस समय भी वे अपनी विचारधारा के हिसाब से ही राजनीति कर रहे थे। वे मान रहे थे कि मुसलमान कहां जाएंगे? कांग्रेस लगभग खत्म हो गई है तो मुसलमान भाजपा विरोध की अपनी मजबूरी में आप को ही वोट देंगे, इसलिए उनको ज्यादा टिकट देने की जरूरत नहीं है। वे नहीं चाहते थे कि मुसलमानों को आबादी के अनुपात में या उससे ज्यादा टिकट देकर वे अपनी छवि कांग्रेस या दूसरी सेकुलर पार्टियों जैसी बनाएं क्योंकि उन पार्टियों के ऊपर मुस्लिमपरस्ती के आरोप लगते रहे हैं। यह मानने की पर्याप्त वजह है कि वह वीडियो जान बूझकर लीक कराया गया था ताकि हिंदू मतदाताओं में यह मैसेज जाए कि भाजपा तो है ही, आप भी उन्हीं की पार्टी है।

इसके बाद यानी में दिल्ली विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद अरविंद केजरीवाल ने कई बार अपनी विचारधारा और पार्टी की लाइन स्पष्ट की। उनकी पार्टी में दूसरी बार दिल्ली में जीती तो वे कनट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर गए, पूजा अर्चना की, हनुमान चालीसा का पाठ किया और खुद को कट्टर हनुमान भक्त बताया। कह सकते हैं कि यह उनकी निजी आस्था का मामला था लेकिन बाद में उनकी पार्टी ने हर मंगलवार को सार्वजनिक रूप से हनुमान चालीसा के पाठ का ऐलान किया। यह निजी आस्था का नहीं, बल्कि पार्टी की नीतियों का मामला था। उन्होंने दिल्ली के बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थाटन की योजना घोषित की और हाल में गुजरात में उन्होंने ऐलान किया कि अगर उनकी पार्टी जीतती है तो वे गुजरात के लोगों को मुफ्त में अयोध्या के राम मंदिर की यात्रा कराएंगे। केजरीवाल ने दिल्ली में ‘रामराजज् लाने का भी वादा किया है। अपने आंदोलन के दिनों से वे तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाते थे और अब दिल्ली के स्कूलों में देशभक्ति पाठ्यक्रम शुरू कराया है और साथ ही योगशाला भी शुरू कराई है। पिछले साल दिवाली के मौके पर केजरीवाल ने भव्य दिवाली पूजन का आयोजन किया था। पंडाल लगा कर सार्वजनिक रूप से लक्ष्मी और गणेश की पूजा हुई थी। इस भव्य आयोजन का कई दिन तक प्रचार होता रहा था और इसका सार्वजनिक प्रसारण भी कराया गया।

उनके नए बयान और पुरानी राजनीति में फर्क यह है कि अब तक अरविंद केजरीवाल जो कुछ भी करते रहे थे वह हिंदू मतदाताओं को आकर्षित करने की स्वाभाविक राजनीति की तरह थी। लेकिन रुपए पर लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर लगाने का जो सुझाव उन्होंने दिया है वह बहुत असामान्य सुझाव है। केजरीवाल ने यह सुझाव धार्मिक आधार पर नहीं दिया है। उन्होंने यह नहीं कहा है कि भारत हिंदू बहुलता वाला देश है, जिसकी बहुसंख्यक आबादी धन के लिए लक्ष्मी व गणेश की पूजा करती है इसलिए रुपए पर उनकी तस्वीर होनी चाहिए। अगर वे ऐसा कहते तब भी बात समझ में आती। लेकिन उन्होंने कहा है कि इससे भारतीय मुद्रा की स्थिति में सुधार होगा, उसका गिरना रूक जाएगा और वह डलर के मुकाबले मजबूत होने लगेगी।

ऐसा कहना उसी तरह है कि दवा की परची या पैकेट पर धन्वंतरि, सुश्रुत या चरक की फोटो लगा दें तो लोग जल्दी ठीक हो जाएंगे या लड़ाकू विमानों पर धनुषधारी भगवान राम या चक्रधारी भगवान ष्ण की फोटो लगा दें तो दुश्मन हमारा मुकाबला नहीं कर पाएंगे! भगवान में अपनी गहरी आस्था के बावजूद हर हिंदू के लिए कर्म और पुरुषार्थ सबसे महत्वपूर्ण है, जिसका संदेश भगवान ष्ण ने गीता में दिया है। केजरीवाल इसकी बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आईआईटी से पढ़ाई की है और आयकर विभाग के बड़े अधिकारी रहे हैं लेकिन रुपए की गिरती स्थिति को संभालने के लिए कोई आर्थिक सुझाव देने की बजाय वे उस पर लक्ष्मी व गणेश की फोटो लगाने का सुझाव देते हैं।



**याद करें, जब आम आदमी पार्टी में दिल्ली विधानसभा का अपना दूसरा चुनाव लड़ रही थी तब एक वीडियो लीक हुआ था, जिसमें केजरीवाल बड़ी हिकारत के साथ कह रहे हैं कि मुसलमानों के लिए चार टिकट पर्याप्त है। उस समय भी वे अपनी विचारधारा के हिसाब से ही राजनीति कर रहे थे। वे मान रहे थे कि मुसलमान कहां जाएंगे? कांग्रेस लगभग खत्म हो गई है तो मुसलमान भाजपा विरोध की अपनी मजबूरी में आप को ही वोट देंगे, इसलिए उनको ज्यादा टिकट देने की जरूरत नहीं है। वे नहीं चाहते थे कि मुसलमानों को आबादी के अनुपात में या उससे ज्यादा टिकट देकर वे अपनी छवि कांग्रेस या दूसरी सेकुलर पार्टियों जैसी बनाएं क्योंकि उन पार्टियों के ऊपर मुस्लिमपरस्ती के आरोप लगते रहे हैं। यह मानने की पर्याप्त वजह है कि वह वीडियो जान बूझकर लीक कराया गया था ताकि हिंदू मतदाताओं में यह मैसेज जाए कि भाजपा तो है ही, आप भी उन्हीं की पार्टी है।**

उन्होंने यह सुझाव अज्ञानता में या भूलवश नहीं दिया है, बल्कि सोच समझ कर और एक लक्षित मतदाता समूह के लिए दिया है। ऐसा मतदाता समूह, जो डक्टर की परची पर श्रीहरि लिखने के सुझाव से आह्लादित होता है, जो दुनिया के विकसित देशों से खरीदे गए लड़ाकू विमानों की पूजा करने और नारियल फोडने के धार्मिक कर्मकांड से प्रफुल्लित होता है और जो राम से ज्यादा राम नाम की महिमा में यकीन करता है और मानता है कि जैसे भगवान राम का नाम लिख देने से समुद्र में पत्थर तैरने लगे थे वैसे ही रुपए पर लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर लगा दी जाएगी तो भारतीय मुद्रा सबसे मजबूत हो जाएगी, उसको ध्यान में रख कर केजरीवाल ने यह बयान दिया है। अब वे सहज व सामान्य हिंदू की बजाय कट्टरपंथी और बुद्धिनिरपेक्ष हिंदू को लक्ष्य कर रहे हैं और यह भाजपा के लिए बड़े खतरे और चिंता की बात हो सकती है। आखिर भाजपा भी उसी मतदाता समूह के दम पर फल-फूल रही है।

यह वो समूह है, जो महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी जैसी आर्थिक असुरक्षा और चीन के भारत की जमीन कब्जा करने जैसी सामरिक असुरक्षा की सच्चाई के बावजूद भाजपा को इसलिए वोट करता है क्योंकि उसे यकीन है कि भाजपा देश को मजबूत कर रही है और दुनिया में भारत का नाम बढ़ा रही है। केजरीवाल उसी मतदाता समूह को लक्ष्य कर रहे हैं। उनको लग रहा है कि कट्टर हिंदुत्व के ब्रांड की राजनीति में ज्यादा गुंजाइश है। अभी इस ब्रांड की राजनीति सिर्फ भाजपा कर रही है। एक बड़ी पार्टी शिव सेना यह राजनीति करती थी तो भाजपा ने उसे काफी कमजोर कर दिया है। अब भाजपा के सामने आम आदमी पार्टी की चुनौती पैदा हो रही है। इससे देश की राजनीति काफी दिलचस्प हो जाएगी।

# चीन से सावधान ?

**अजय दीक्षित**

सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की बीसवीं राष्ट्रीय कांग्रेस से छन-छन कर आ रही खबरें संकेत दे रही हैं कि आने वाले दिनों में चीन के साम्राज्यवादी तेवर और मुखर होंगे । उसका फोकस सेना के आधुनिकीकरण पर बना रहेगा । ऐसे हालात में जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ऐतिहासिक रूप से तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने जा रहे हैं, भारत की चिंताएं बढना स्वाभाविक होना चाहिये । वे अब पिछले कई दशकों के सबसे शक्तिशाली चीनी नेता बनने वाले हैं। बीसवीं राष्ट्रीय कांग्रेस में शी जिनपिंग संकेत दे चुके हैं कि उनके अगले कार्यकाल में सैन्य आधुनिकीकरण उनकी प्राथमिकता रहेगी । उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वर्ष में अपनी स्थापना की शताब्दी मनाने जा रही पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को आधुनिक हथियारों व नई तकनीकों से लैस किया जायेगा । यानि सैन्य संगठन के वैश्विक मानकों के अनुरूप सेना का कायाकल्प करके दीर्घकालिक लक्ष्यों को हासिल करने का प्रयास किया जायेगा । हालांकि, चीन का अपने तमाम पड़ोसियों से सीमा विवाद व टकराव रहा है लेकिन ताइवान व भारत उसकी प्राथमिकता में रहे हैं । शी जिनपिंग ने घोषणा की है कि पीएलए आधुनिक सैन्य तकनीकों व प्रशिक्षण के जरिये युद्ध की तैयारी में जुटेगी और लडने व जीतने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेगी । जाहिर है सामरिक प्रतिरोध की प्रणाली स्थापित करने की तरफ चीन बढ़ रहा है । यहां तक कि अमेरिका पर निशाना साधते हुए शी ने चेतावनी दी है कि चीन वन चाइना पलिसी के तहत ताइवान को मुख्य भूमि से जोडने के लिये बल प्रयोग करने से पीटे नहीं हटेगा । चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग की राजनीतिक विचारधारा थी कि सत्ता बन्दूक की नोक से निकलती है । उनके वारिस आज माओ के राजनीतिक सिद्धान्त का अनुसरण करते हुए साम्राज्यवादी मंसूबों को विस्तार दे रहे हैं ।

सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय कांग्रेस से मिल रहे संकेतों से चीन के इन्हीं इरादों का पता चलता हैय जिसके चलते भारत को सतर्क रहने की जरूरत होगी ।

दरअसल, राष्ट्रीय कांग्रेस, शी जिनपिंग के बयानों से साफ संकेत हैं कि चीन अपने आक्रामक तेवर कम करने के मूड है। रूस-यूक्रेन संघर्ष के चलते पूरी दुनिया गहरी मंदी की ओर बढ़ रही है जिसका असर चीन की में नहीं अर्थव्यवस्था पर भी गहरे तक पड़ा है । इसके बावजूद चीन कठोर ढंग से कोविड को लेकर जीरो टलरेन्स की नीति का अनुसरण कर रहा है । लाखों लोगों को घरों में नजरबंद कर दिया गया है । हालांकि इससे देश की अर्थव्यवस्था इससे बुरी तरह प्रभावित हो रही है । बहरहाल, इसके बावजूद चीन आर्थिक पुनरुत्थान की प्राथमिकता के जरिये छोटे देशों की संप्रभुता से खिलवाड़ का क्रम भी जारी रखेगा ।

वहीं दूसरी ओर बीजिंग के परमाणु विस्तार कार्यक्रम में तेजी को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय को चिन्तित होना ही चाहिये । इसकी मूल वजह यह भी है कि अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन की एक रिपोर्ट चेताती है कि चीन के पास वर्ष तक सात सौ परमाणु हथियार मौजूद होंगे । यहाँ अनुमान है कि वर्ष तक इनकी संख्या एक हजार तक होने की आशंका है। हालांकि, कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय कांग्रेस में शी ने भारत को लेकर कोई उल्लेख नहीं किया है, लेकिन वर्ष में चीनी सेना से भारतीय सेना के गलवान घाटी में हुए संघर्ष के वीडियो क्लिप की स्क्रीनिंग सम्मेलन के दौरान करना चीन के मंसूबों को उजागर कर ही देता है । जो अपरोक्ष रूप से भारत पर मानसिक दबाव बनाने की कुत्सित चाल ही है ।

बहरहाल, पीएलए के तेज आधुनिकीकरण की कोशिशों को देखते हुए भारतीय सशस्त्र बलों के लिये युद्ध की तैयारियों को ऊंचे स्तर तक ले जाने की जरूरत होगी । चीन के साम्राज्यवादी मंसूबों को देखते हुए नये सीडीएस की देखरेख में सेना के तीनों अंगों में बेहतर तालमेल स्थापित करके किसी भी चुनौती से निबटने के लिये तैयार रहना होगा । यह इसलिये भी जरूरी है कि सरकार, सेना व पार्टी पर पकड़ रखने वाले शी आने वाले दिनों में निरंकुश व्यवहार प्रदर्शित कर सकते हैं क्योंकि देश की जनता को उग्र राष्ट्रवाद लुभाता है ।

# वसुधैव कुटुंबकम् की जीत है ऋषि सुनक का उद्भव

**ब्रिटेन स्वयं नस्लवाद की परिक्रमा से बाहर निकल रहा है ,तब भारत के अंदर एक वर्ग इसे भारतीय नस्ल की विजय बताना चाहता है ।क्या जिस नस्लवाद को सैकड़ों साल बाद ब्रिटेन खारिज करने के लिए मजबूर हुआ है। वही नस्लवाद भारत को महान बना सकता है? जो लोग इसे धर्म प्रचार के रूप में देखते हैं वे भारत के वसुधैव कुटुंबकम के सनातनी दर्शन पर चोट कर रहे हैं ।आज जब मौका है कि दुनिया में वास्तविक रूप में वसुधैव कुटुंबकम स्वीकार्य हो रहा है तब भारत के ही कुछ लोग उसे सांप्रदायिक संकीर्णता की विजय बताकर, हमारे हजारों साल के दर्शन की स्वीकार्यता को छोटा कर रहे हैं ।**

**भूपेन्द्र गुप्ता**

महात्मा गांधी मानते थे कि अंग्रेज अपनी सभ्यता में किसी को साझेदार नहीं बनाते उन्होंने में इंग्लैंड की पार्लियामेंट को बांझ बताया था। उन्होंने कहा था कि यह पार्लियामेंट जनता के लिए कोई कार्य नहीं करती उसका हाल बेसवा(वेश्या) की तरह है जो जिसका मंत्रिमंडल हो उसी की हो जाती है ।उनका मत था कि जो अंग्रेज मतदाता है उसकी बाइबिल अखबार हैं ।वे अखबारों से अपने विचार बनाते हैं अगर अखबार अप्रमाणिक हों और एक ही बात की दो शक्ल ले लेते हों तो एक दल वाले उसी बात को बड़ी बनाकर दिखलाते हैं। जिस देश में ऐसे अखबार हैं उस देश के आदमियों की कैसी दुर्दशा होगी। वे कहते थे कि अंग्रेजों ने जो कुछ भी हथियार के बल पर प्राप्त किया है वह गहन असंतोष की तरफ इस देश को ले जाएगा। अंग्रेज किसी गैर अंग्रेज को घुसने नहीं देते लेकिन एक समय आएगा जब हिंसा से अर्जित की गई यह तरक्की, उद्देश्य हीन हो जाएगी ।तब उन्हें दुनिया के लोगों को अपने सरोकारों में शामिल करना पड़ेगा ।वे कहते थे कि वेश्या एक कड़ा शब्द है परंतु जो मंत्रिमंडल उसे रखता है वह उसी के पास चली जाती है। आज उसका मालिक एस्क्विथ है तो कल बालफर होगा और परसों कोई तीसरा। लेकिन यह पार्लियामेंट तभी फलदाई होगी जब इसमें देश के रहने वाले सभी लोगों के हित शामिल होंगे। ऋषि सुनक के प्रधानमंत्री बनने के साथ ही ब्रिटेन में गांधी द्वारा नस्लवाद को अस्वीकार करने की भविष्यवाणी सच सिद्ध हो गयी है । नस्लवाद के ऊपर बहुलतावाद और उसके भी ऊपर योग्यतावाद को महत्व दिया जा रहा है । दुनिया में पहली बार जनता के हित के उचित फैसले ना ले पाने के कारण इंग्लैंड की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने इस्तीफा देकर गांधी के उस विचार को ही स्थापित किया है जिसमें जनता के प्रति उत्तरदायी होने की अपेक्षा की गई थी।कोई भी पार्लियामेंट जब तक जनता के पक्ष में नहीं सोचेगी तब तक उसे फलदाई नहीं कहा जा सकता। हालांकि यह चुनौती भारत के सामने भी है।उसे एकाधिकारवाद के अंधकार की तरफ बढने की बजाय बहुलतावादी भारत के प्रकाश की ओर बढना चाहिये।



ब्रिटेन स्वयं नस्लवाद की परिक्रमा से बाहर निकल रहा है ,तब भारत के अंदर एक वर्ग इसे भारतीय नस्ल की विजय बताना चाहता है ।क्या जिस नस्लवाद को सैकड़ों साल बाद ब्रिटेन खारिज करने के लिए मजबूर हुआ है। वही नस्लवाद भारत को महान बना सकता है?

जो लोग इसे धर्म प्रचार के रूप में देखते हैं वे भारत के वसुधैव कुटुंबकम के सनातनी दर्शन पर चोट कर रहे हैं ।आज जब मौका है कि दुनिया में वास्तविक रूप में वसुधैव कुटुंबकम स्वीकार्य हो रहा है तब भारत के ही कुछ लोग उसे सांप्रदायिक संकीर्णता की विजय बताकर, हमारे हजारों साल के दर्शन की स्वीकार्यता को छोटा कर रहे हैं । ऋषि सुनक का प्रधानमंत्री बनना मूलतरू उस सनातन विचार की जीत है जिसने संपूर्ण पृथ्वी को अपना कुटुंब मानकर भारत का सोच फैलाया था। अपने छोटे से अहंकार की तुष्टी के लिए इतने महान विचार को पीटे धकेलना उचित नहीं कहा जा सकता।

ऋषि सुनक के दादा भारतीय थे किंतु ऋषि सुनक भारत के दामाद है ।भारतीय बिटिया ने उनसे विवाह किया है ।इसी तरह सोनिया गांधी ने भारतीय राजीव गांधी से विवाह किया और वे भारत की बहू हैं। हमारे समाज में कुछ लोग बहू और दामाद में अंतर करते है ।यह एक राजनीतिक समाज के आचरण से पता चलता है कि वह दामाद के लिये पलक पांवड़े बिछा रहा है किंतु बहू के लिये सिर मुड़ाने की बातें कर रहा था।

सभी जानते हैं कि आत्मकेंद्रित समाज बहुआयामी दुनिया में पिछड़ जाते हैं ,यह हमें विचारना ही होगा ।यह भी विचारणीय है कि सुनक मंत्रीमंडल में गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमेन भारतीय मूल की होते हुए भी भारत के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की विरोधी हैं। उनका मानना है कि ऐसा एग्रीमेंट करने से भारतीयों के ब्रिटेन में टिकने की समस्या शुरू हो जायेगी। जो आता है वह वापिस नहीं लौटना चाहता ।वे भी जन्मना ब्रिटिश हैं। इसलिये बहुत अधिक अपेक्षायें पालना निराश भी कर सकता है।

अब हम बदलती हुई दुनिया को देख रहे हैं ।

जब दुनिया हमारे सनातन बहुलतावाद को स्वीकार कर रही है तब हम भारत में संकीर्ण नस्लवाद के नारे लगा रहे हैं ?जब दुनिया सीख रही है तब हमें भी सीखना ही होगा? जब कलाम साब हमारे राष्ट्रपति थे । वे मुस्लिम राष्ट्रों के दौरे पर गये ।वहां इंडोनेशिया में एक बच्चे ने उनसे सवाल किया कि राष्ट्रपति महोदय क्या आप एक वाक्य में बता सकते हैं कि आपका देश कैसे महान है?

कलाम साब का जबाब था क्योंकि हम पृथ्वी पर एक मात्र देश हैं जहां तरह की विविधतायें भी शांति पूर्वक रहतीं हैं ।हाल तालियों की गडगड़ाहट से गूंज गया ।हमारी सह अस्तित्व और समरसता की भावना दुनिया के सामने मिसाल है ।यही सनातन संदेश है। सुनक के बहाने ही सही संकीर्णता वादी इसे गुन सकें तो विश्वगुरू वाला मार्ग निष्कंटक हो जायेगा।

**(लेखक गांधीचौपाल कार्यक्रम के प्रभारी हैं)**

## पंजाब के युवक पर आस्ट्रेलियाई पुलिस ने रखा 5 करोड़ का इनाम, मर्डर केस में है वांछित

**सिडनी ,एजेंसी।** यहां क्वींसलैंड में एक महिला की हत्या के मामले में संदिग्ध आरोपी 38 वर्षीय राजविंदर सिंह की तलाश तेज हो गई है। यहां की पुलिस ने घोषणा की है कि जो भी व्यक्ति राजविंदर सिंह का सुराग देगा उसे 10 लाख डलर (5,27,15,062 रुपये) मिलेंगे। राजविंदर सिंह पर वर्ष 2018 में टोया कर्डिंग्ले की हत्या का आरोप है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आरोपी सिंह आखिरी बार भारत में देखा गया था। पुलिस को जांच में पता चला कि वह हत्या के दो दिन बाद अपनी नौकरी, पत्नी और तीन बच्चों को छोड़कर अस्ट्रेलिया से भारत भाग गया था। राजविंदर सिंह जोकि परिवार के साथ क्वींसलैंड में रहता था मूलतरू पंजाब के बुटरकलां का रहने वाला था। 24 साल की टोया 21 अक्तूबर 2018 को उस वक्त लापता हो गई थी, जब वह अपने पालतू कुत्ते को घुमाने ले गई थी। अगले दिन सुबह उसके पिता को उसका शव 40 किलोमीटर दूर केर्न्स के उत्तर में वांगेट्टी समुद्र तट पर मिला था। राजविंदर पर आरोप है कि उसने टोया को किडनैप करके उसकी हत्या कर दी। इस मामले में आस्ट्रेलियाई एजेंसियां भारतीय एजेंसियों के संपर्क में हैं।

## मकाओ ने चक्रवात नलगा के लिए तीसरी सबसे बड़ी चेतावनी की जारी

**मस्को ,एजेंसी।** मकाओ मौसम विज्ञान और भूभौतिकीय ब्यूरो ने उष्णकटिबंधीय चक्रवात नलगा के लिए तीसरी सबसे बड़ी तूफान चेतावनी जारी की है। गुरुवार को तूफान मकाओ के बहुत पास होने की उम्मीद है, जिससे बारिश हो सकती है। उन्होंने निवासियों से जलभराव के खिलाफ निवारक उपाय करने का आग्रह किया। मकाओ मरीन एंड वाटर ब्यूरो ने कहा कि, सभी समुद्री परिवहन रद्द कर दिए गए हैं।नोवेल कोरोनावायरस रिस्पांस एंड कोआर्डिनेशन सेंटर ने कहा कि, शहर भर में न्यूक्लिक एसिड परीक्षण स्टेशनों ने संचालन को निलंबित कर दिया है।

## ग्रीक द्वीप के पास पलटी नाव, 20 शव बरामद

**एथेंस ,एजेंसी।** ग्रीक के एजियन सागर में हाल ही में इविया द्वीप पर एक नाव पलट गई थी। इस हादसे में बचाव दल ने 20 प्रवासियों के शव को बरामद किया हैं। तेज हवाओं से बाधित अभियान के दौरान 12 लोगों को बचाया गया है। बचे लोगों ने अधिकारियों को बताया कि केप काफिरियास इलाके में मंगलवार को जब नाव डूबी तो उसमें 68 लोग सवार थे।नाव में मिस्त्र, अफगानिस्तान और ईरान के प्रवासी थे। यह जानकारी हेलेनिक कोस्ट गार्ड के प्रवक्ता कमांडर निकोस कोक्कलस ने ग्रीक राष्ट्रीय प्रसारक ईआरटी को दी।अधिकारियों के अनुसार 2015 से दस लाख से अधिक लोग अवैध रूप से ग्रीस में प्रवेश कर चुके हैं। यहां आने के दौरान सैकड़ों लोग समुद्र में डूब गए।

## सीएम योगी ने श्रीराम चरण पादुका की पूजा कर रथ को किया रवाना

लखनऊ,एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को श्रीराम चरण पादुका की विधि विधान से की पूजा अर्चना कर श्री राम कर्मभूमि रथ यात्रा को रवाना किया। मुख्यमंत्री आवास में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं साधु संत मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी ने साधु संतों की उपस्थिति में मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से श्रीराम चरण पादुका की पूजा अर्चना की। उन्होंने गंगा जल से आचमन कर श्रीराम चरण पादुका पर पुष्प अर्पित कर भगवान श्रीराम से लोक कल्याण की मंगलकामना की।

उन्होंने श्रीराम चरण पादुका की पूजा अर्चना कर श्री राम कर्मभूमि यात्रा का शुभारंभ किया।

# अनंतनाग में गैर कश्मीरी दो नागरिकों को गोली मारी, हालत गंभीर

## कुलगाम में हुए धमाके तीन प्रवासी श्रमिक घायल

**जम्मू, एजेंसी।** सुरक्षा बलों के कड़े प्रहार से हताश आतंकी निर्दोष प्रवासी श्रमिकों को निशाना बनाने की हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं। वीरवार की शाम को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में दो प्रवासी नागरिकों को आतंकियों ने गोली मारकर घायल कर दिया है। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के तुरंत बाद से पुलिस और सुरक्षा बलों ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान टेड़ दिया है। हालांकि अभी हमलावरों का कुछ पता नहीं चला है। एक अन्य हादसे में कुलगाम में निर्माणाधीन अस्पताल की इमारत में हुए संदिग्ध विस्फोट में तीन प्रवासी श्रमिक घायल हो गए हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक वीरवार शाम को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के वनिहामा डायलगाम इलाके में आतंकियों ने एक निजी स्कूल में बतौर चपरासी काम करने वाले समेत दो लोगों को गोली मार दी। इनमें से एक बिहार का रहने वाला बताया जा रहा है, जबकि दूसरा नेपाल का है। पुलिस, सीआरपीएफ और सेना के जवानों ने आसपास के इलाकों को सुरक्षा घेरे में लेकर सघन तलाशी अभियान टेड़ दिया है। आशंका है



कि अभी आतंकी वहीं कहीं छिपे होंगे।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक वीरवार शाम को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के वनिहामा डायलगाम इलाके में स्थित एक निजी स्कूल में दो से तीन संदिग्ध लोग घुस आए और वहां काम करने वाले स्कूल के चपरासी समेत दो लोगों को गोली मार दी। इनमें से एक बिहार का रहने वाला बताया जा रहा है, जबकि दूसरा नेपाल का है। आतंकियों ने टारगेट कर इन्हीं दोनों को गोली मारी और फरार हो गए। पुलिस, सीआरपीएफ और सेना के जवानों ने आसपास के इलाकों को सुरक्षा घेरे में लेकर सघन तलाशी अभियान टेड़ दिया है। आशंका है कि अभी आतंकी वहीं कहीं छिपे होंगे।

इस हमले को लेकर अभी किसी आतंकी संगठन ने जिम्मेदारी तो नहीं ली है, लेकिन आशंका है कि यह करतूत लश्कर-ए-तैयबा के छद्म संगठन टीआरएफ के आतंकियों की होगी। दरअसल, कश्मीर में सुरक्षा बलों के सख्त शिकंजे से आतंकी संगठन बौखलाए हुए हैं।

वे बड़ी वारदात को अंजाम देने में बार-बार विफल हो रहे हैं। इसलिए प्रवासियों को निशाना बनाकर घाटी का माहौल खराब करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। आतंकी सुरक्षा बलों से अब सामना नहीं करना चाहते हैं। क्योंकि आतंक संगठनों में कैडर का अभाव हो गया है। हथियार की कमी से भी आतंकी संगठन जूझ रहे हैं।

इससे पूर्व दक्षिण कश्मीर के ही शोपियां में 17 अक्टूबर की रात को किराये के कमरे में सो रहे दो श्रमिकों पर आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला कर उन्हें मौत की नींद सुला दी थी। वे उत्तर प्रदेश के कानपुर के रहने वाले थे। उनका नाम मनीष कुमार और रामसागर था। ये दोनों अगली ही सुबह 18 अक्टूबर को सेब के ट्रक के साथ दीपावली मनाने के लिए घर जाने की तैयारी में थे। लेकिन सेब के बागान में काम करने वाले इन निर्दोष श्रमिकों को आतंकियों ने निशाना बनाया था।

दक्षिण कश्मीर के कोयमू कुलगाम में निर्माणाधीन उप जिला अस्पताल की इमारत में एक जोरदार धमाका हुआ। इस धमाके में तीन गैर कश्मीरी श्रमिक घायल हो गए हैं। तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धमाका कैसे हुआ, अभी यह स्पष्ट नहीं हो सकता है। फिलहाल, पुलिस इस धमाके में आतंकियों का हाथ होने की पुष्टि नहीं की है। इस मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

# गोवा में बर्थडे पार्टी करने के लिए दो लड़कों ने की कई लूटपाट

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** गोवा में बर्थडे पार्टी करने के लिए दिल्ली में दो लड़कों ने कई लूटपाट को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी लड़कों को द्वारका इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।आरोपियों की पहचान रोहिणी निवासी रोहित और विकास नगर के सैनिक एन्क्लेव निवासी बबी के रूप में हुई है।पुलिस ने कहा कि दोनों को शहर भर में दर्ज स्नैचिंग, चोरी और आर्म्स एक्ट के 10 मामलों में भी शामिल पाया गया।

पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम हर्षवर्धन के अनुसार, बुधवार को मोहन गार्डन थाने में लूट की घटना की सूचना मिली थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने कहा था कि वह सुबह के समय रामा पार्क रोड पर अपनी वशिंग मशीन की मरम्मत कराने जा रहा था। इस दौरान टिन वाला स्कूल के पास एक बाइक पर सवार दो लड़कों ने उन्हें रोका और उनका मोबाइल फोन छीन लिया। डीसीपी ने कहा, भारतीय दंड संहिता की धारा 392 (डकैती), 397 (डकैती, मौत या गंभीर चोट पहुंचाने के प्रयास के साथ) और 34 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच की गई।पुलिस अधिकारी ने कहा, पुलिस टीम ने घटना स्थल का दौरा किया और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का खंगाला। इसके अलावा, गुप्त मुखबिरों को भी क्षेत्र में तैनात किया गया।डीसीपी ने कहा, टेक्निकल और मैनुअल सर्विलांस के आधार पर मोहन गार्डन क्षेत्र के गंडा नाला रोड पर जाल बिछाया गया। कुछ देर बाद बाइक पर सवार दो व्यक्ति द्वारका मोड़ की ओर जाते हुए देखे गए, लेकिन पुलिस को देखकर उन्होंने भागने की कोशिश की। लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया।अधिकारी ने कहा, वे जिस बाइक पर सवार थे, उसका इस्तेमाल वह लूटपाट करने के लिए किया करते थे। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन और एक बटन वाला चाकू भी बरामद किया गया।

# ममता ने पीएम को लिखा पत्र, चावल की किस्म पर उत्पाद शुल्क में मांगी छूट

**कोलकाता ,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर विशेष चावल की किस्म गोबिंदभोग पर लगने वाले 20 फीसदी उत्पाद शुल्क में टूट की मांग की है। पत्र के अनुसार, उत्पाद शुल्क में टूट के बिना, विशेष किस्म के चावल का निर्यात बुरी तरह प्रभावित होगा। मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि टैक्स में राहत के अभाव में इस विशेष किस्म के चावल का उत्पादन करने वाले किसानों को भी निर्यात की कमी का नुकसान होगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि गोबिंदभोग चावल की किस्म कुछ यूरोपीय और पश्चिम एशियाई देशों जैसे यूएई, कतर, कुवैत में बेहद लोकप्रिय है। उनके अनुसार, विभिन्न धार्मिक अवसरों के लिए भी गोबिंदभोग किस्म के चावल का उपयोग किया जाता है।

पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार भी विदेशों में इसकी लोकप्रियता के लिए किसानों को इस किस्म के चावल का उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र ने हाल ही में बासमती चावल पर उत्पाद शुल्क में टूट दी है और इसी तर्क के आधार पर गोबिंदभोग किस्म पर भी इसी तरह की राहत दी जानी चाहिए।

उन्होंने यह भी तर्क दिया कि चूंकि गोबिंदभोग किस्म की कीमत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अधिक है, इसलिए किसानों को सुचारू उत्पादन के साथ जारी रखने के लिए उत्पाद शुल्क में राहत आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि चावल की इस विशेष किस्म को 2017 में ज्योग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) टैग से भी सम्मानित किया गया था।

गोबिंदभोग चावल का एक छोटा अनाज, सफेद, सुगंधित और चिपचिपा किस्म है, जिसमें मक्खन जैसा स्वाद होता है जिसकी खेती ज्यादातर पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में की जाती है। जिन प्रमुख जिलों में चावल की इस विशेष किस्म की खेती की जाती है, उनमें पूर्वी बर्दवान, हुगली, नदिया और बीरभूम शामिल हैं। चावल की इस किस्म की खेती बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में भी की जाती है।

## मुंबई हवाईअड्डे पर तीन यात्रियों से 4,97,000 डलर जब्त

**मुंबई ,एजेंसी।** मुंबई हवाई अड्डा सीमा शुल्क विभाग ने दुबई से यहां पहुंचे एक परिवार की साड़ी, जूते और सूटकेस में छिपाकर रखे गए 4,97,000 अमेरिकी डलर जब्त किए।

## मुनुगोड़े जाते समय तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय गिरफ्तार

**हैदराबाद ,एजेंसी।** तेलंगाना राज्य भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय को गुरुवार तड़के हैदराबाद के बाहरी इलाके में पुलिस ने उस समय हिरासत में ले लिया, जब वह मुनुगोड़े विधानसभा क्षेत्र की ओर जा रहे थे, जहां गुरुवार सुबह मतदान शुरू हुआ।

बंडी संजय ने आरोप लगाया कि तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के बाहरी नेता मंगलवार को चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद भी निर्वाचन क्षेत्र में बने रहे। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ गुरुवार सुबह नलगोंडा जिले में निर्वाचन क्षेत्र की ओर बढने की कोशिश की।

मलकपेट और वनस्थलीपुरम में पुलिस द्वारा उन्हें रोकने के प्रयासों के बावजूद, वे आगे बढ़ते गए।पुलिस ने आखिरकार उनके वाहनों के काफिले को हैदराबाद-विजयवाड़ा हाईवे पर अब्दुल्लापुरमेट पर रोक दिया। इस दौरान भाजपा नेताओं और पुलिस अधिकारियों के बीच कहासुनी हो गई।

# चीन के वुहान से लीक हुआ था कोरोना वायरस, अमेरिकी रिपोर्ट में कई बड़े खुलासे

**वशिंगटन, एजेंसी।** कोरोना की वजह से इस समय सबसे ज्यादा हाहाकार चीन में ही मचा हुआ है। वहीं कोरोना वायरस के ओरिजिन को लेकर भी चीन पर ही सवाल उठते रहे हैं। अब अमेरिका की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कोविड-19 चीन के ही लैब से निकला था। यह रिपोर्ट अमेरिका सीनेट कमेटी ने जारी की है। इस रिपोर्ट का शीर्षक है, श्कोविड-19 महामारी की उत्पत्ति का विश्लेषण।श इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हो सकता है जानबूझकर वायरस को जन्म ना दिया गया हो लेकिन यह मानवीय भूल, मशीनी खराबी, किसी जानवर पर प्रयोग का परिणाम हो सकता है।

सीनेट की हेल्थ एजुकेशन, लेबर ऐंड पेंशन कमेटी का कहना है कि वुहान इंस्टिट्यूट अफ वायरलजी ही इस वायरस के लीक होने का संदिग्ध ग्राउंड जीरो है। शोध के दौरान सावधानी ना रखने की वजह से ऐसा हुआ था। ट्रांसमिशन के



पैटर्न का विश्लेषण करने के बाद कमेटी ने कहा है कि जानवरों से ही यह तेजी से फैला है और वुहान के सीफूड मार्केट से इसका प्रसार तेजी से हुआ। यह रिपोर्ट वुहान इंस्टिट्यूट अफ वायरलजी के सुरक्षा के मानकों और एपिडेमियोलजी के विश्लेषण के आधार पर जारी की गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वुहान के इंस्टिट्यूट में भविष्य की महामारियों से सुरक्षा के लिए रिसर्च चल रही थी। यह इंस्टिट्यूट 2004 से ही रिसर्च कर रहा था। इस क्षेत्र में चमगादड़ों में ै है मिला था और कोरोना वायरस इससे ही मिलता-जुलता था। बताया जाता है कि इसी सार्स-कोव-2 वायरस को रिसर्च के लिए लैब में लाया गया था। इसके बाद यह लैब से लीक हो गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि सार्स कोव 2 वायरस जानवरों में फैल रहा था और फिर इंसानों में पहुंचा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भले ही सीफूड मार्केट से वायरस फैला लेकिन यह जानवरों से नहीं बल्कि इंसानों से ही फैला था। यहां सबसे पहले वायरस का प्रसार शुरू हुआ। इससे पहले यह बहुत सारे लोगों में प्रवेश कर चुका था। सीफूड मार्केट से पहले ऐसा ही केस इंस्टिट्यूट के पास से भी आया था।

# बिहार में डेंगू का कहर जारी, पटना में सभी रिकार्ड टूटे

**पटना ,एजेंसी।** बिहार में छठ पर्व के गुजरने के बाद डेंगू मरीजों की संख्या में भले कमी आई हो लेकिन अभी भी डेंगू का कहर जारी है। पटना सहित राज्य के विभिन्न इलाकों में डेंगू मरीज मिल रहे हैं। इस साल सरकारी आंकड़ों पर गौर करें तो डेंगू ने सारे पुराने रिकर्ड तोड़ दिए हैं। एक साथ इतने डेंगू के मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग भी सकते में हैं। बताया जाता है कि डेंगू के मरीज मिलने के बाद उसके घरों के आसपास एंटी लार्वा की फगिंग कराई जा रही है।सरकारी आंकड़े स्वास्थ्य विभाग के हैं, जबकि हकीकत यह है कि निजी अस्पतालों में भी काफी संख्या में बुखार से पीडिघ्त मरीज उपचार करा रहे हैं, जिसमें डेंगू के संदिग्ध लक्षण हैं। कई मरीज घर में ही रहकर इलाज करा रहे हैं।पटना जिले में डेंगू बीमारी का प्रकोप इतना अधिक है कि इसने अपना बीते छह साल का रिकर्ड तोड़ दिया है। साल 2016 से 2021 के बीच वर्ष 2019 में 2905 मरीज मिले थे, जिसका रिकर्ड जिले में 10 दिन पहले ही टूट चुका है। अब तक जिले में 5529 डेंगू के नये मरीज मिल चुके हैं।एक अनुमान के मुताबिक, वर्तमान में भी पटना जिले में रोजाना 100 से अधिक नये मरीज चिह्नित किये जा रहे हैं। पटना के अस्पतालों पीएमसीएच, आइजीआइएमएस, एनएमसीएच के डेंगू वार्ड में अभी भी डेंगू के मरीज भर्ती हैं।

## वृन्दावन के एक होटल में आग से दो कर्मचारियों की मौत, एक घायल

मथुरा ,एजेंसी। उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के वृन्दावन कस्बे में गुरुवार को एक होटल में आग लगने से दो कर्मचारियों की मौत हो गई जब कि एक अन्य घायल हो गया।पुलिस के अनुसार घायल कर्मचारी बिजेन्दर (50 साल) को गंभीर अवस्था में आगरा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। डाक्टरों ने उसकी स्थिति स्थिर बताई जा है। वह आग बुझाने के चक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गया।

सीओ सदर प्रवीण मलिक ने बताया कि मृत कर्मचारियों की पहचान 27 वर्षीय उमेश एवं 45 वर्षीय बीरी के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि बसेरा ग्रुप के वृन्दावन गार्डेन होटल में आज सुबह लगभग 05 बजे आग लग गयी।

# ईडी के समन पर हमलावर हेमंत सोरेन की खुली चुनौती, अगर गुनाह किया है तो सीधे गिरफ्तार करो

**रांची ,एजेंसी।** अवैध खनन मामले में ईडी के समन पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हमलावर रुख अख्तियार कर लिया है। वह गुरुवार को ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए। सोरेन ने अपने आवास के बाहर इका ा हुए झामुमो के हजारों कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सीधी चुनौती दी कि अगर हमने कोई गुनाह किया है तो समन क्यों भेजते हो, पूछताछ क्यों करते हो, हमें सीधा गिरफ्तार करके दिखाओ।

भाजपा पर बड़ा हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोग राजनीतिक तौर पर हमारा मुकाबला नहीं कर सकते तो हमें ईडी और सीबीआई का डर दिखाया जा रहा है। हमने इस राज्य के आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को उनका हक दिया तो साजिश के तहत हमें फंसाने की कोशिश की जा रही है। ऐसी साजिशों का राज्य की जनता मुंहतोड़ जवाब देगी। ये लोग हमारी सरकार का बाल भी बांका नहीं कर सकेंगे।

झारखंड के अलग-अलग जिलों से आए लगभग सात-आठ हजार कार्यकर्ता पार्टी झंडों और तीर-धनुष एवं परंपरागत हथियारों के साथ मोरहाबादी मैदान में इका ा हुए और वहां से जुलूस की शक्ल में कांके रोड स्थित सीएम आवास पहुंचे। सीएम ने अपने आवास से बाहर निकलकर सड़क पर जमा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर भी बड़ा हमला बोला।उन्होंने कहा कि विरोधियों को यह पच नहीं रहा कि आदिवासी दलित झारखंड चला रहे हैं। आज रायपुर में आदिवासी महोत्सव पर हमारा कार्यक्रम पहले से तय था और इस दिन ईडी ने हमें न्योता भेज दिया। इन्हें लगता है कि ये हमें जेल भेजेंगे तो हम डर जायेंगे। अगर हमने जेल भरो आंदोलन शुरू कर दिया तो इतने लोग है कि जेल में जगह कम पड़ जायेगी। जेएमएम पार्टी ऐसे संघर्षों और परिस्थितियों से तपकर और मजबूत हुई है।

उन्होंने कहा कि ये जिस तरह की राजनीतिक रोटी सेंकने की कोशिश कर रहे हैं, उसे जला देंगे। ईडी कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है, भाजपा दफ्तर की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। क्या इन्हें झारखंडियों से डर लगता है। हमारी विरोधी पार्टी के लोग कभी राजभवन में तो कभी ईडी आफिस में रात बिताते हैं।

केंद्रीय एजेंसियों की साख पर सवाल उठाते हुए सोरेन ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार के अनेक मामले हैं, लेकिन सीबीआई-ईडी वहां कोई कार्रवाई नहीं करती।

## प्रदूषण की समस्या के निदान के लिए न सरकार गंभीर न जनता : वरुण गांधी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भाजपा लोकसभा सांसद वरुण गांधी ने दिल्ली-एनसीआर में विकराल होती जा रही प्रदूषण की समस्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि प्रदूषण की समस्या लगातार विकराल होती जा रही है, दिल्ली एनसीआर धुआं-धुआं हो गई है, लेकिन इस विकराल समस्या के निदान के लिए न तो सरकार गंभीर है और न ही जनता। वरुण गांधी ने प्रदूषण की समस्या पर चिंता जाहिर करते हुए ट्वीट कर कहा, दिल्ली एनसीआर धुआं-धुआं है ! अस्पताल सांस, दिल और फेफड़े के मरीजों से भरे पड़े हैं। हर परिवार जिसे मैं जानता हूं वहां कोई न कोई खांसी, जुकाम और जकडन से जूझ रहा है। विकराल होती जा रही प्रदूषण की समस्या के समाधान के प्रति सरकार और जनता, दोनों के ही रवैये की आलोचना करते हुए वरुण गांधी ने आगे कहा, इस विकराल समस्या के निदान के प्रति न सरकार गंभीर है न जनता। कहीं पराली, कहीं पटाखे, अपनों को ही जहर परोसना बंद करिए।दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण का स्तर लगातार खराब होता जा रहा है। लगातार जहरीली होती जा रही हवा में लोगों का दम घुट रहा है लेकिन इसे लेकर राजनीति भी तेज हो गई है। भाजपा इसे दिल्ली और पंजाब दोनों राज्यों में आम आदमी पार्टी की विफलता बताते हुए अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान, दोनों के इस्तीफे की मांग कर चुकी हैं ।

## लखनऊके हजरतगंज में लगी भीषण आग, छात्रों को सुरक्षित निकाला गया

**लखनऊ ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की राजधानी के हजरतगंज में प्रिंस कम्प्लेक्स की चौथी मंजिल पर गुरुवार को भीषण आग लग गई। कोचिंग सेंटर्स, अफिस, एक सिनेप्लेक्स और कई दुकानों वाले कम्प्लेक्स में आग बुझाने में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।कम्प्लेक्स में एक एंट्रेस है, लेकिन फायर एजिग्ट्स नहीं है।शर्ट सर्किट से लगी आग पर काबू पाने में दमकलकर्मियों को करीब दो घंटे का समय लगा। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

# देश को मजबूत बनाने के लिए हर दृष्टि से है अनुकूल वातावरण :तोमर

**नयी दिल्ली ,एजेंसी।** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि देश सकारात्मक बदलाव की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है और इस दिशा में हम सबको मिलकर आगे बढने की आवश्यकता है।

तोमर ने यह बात गुरुवार को प्रगति मैदान में इंडिया केम-2022 में कही। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय और फिक्की द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में श्री तोमर ने कहा कि देश के समस्त क्षेत्रों में समन्वय से हम सब निश्चित अवधि में अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। सरकार, किसान, इंडस्ट्री सभी का एक ही उद्देश्य है कि हमारे काम के सकारात्मक परिणाम आएं। यहीं भावना एक-दूसरे को और देश को आगे बढ़ाने में भी मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि कोविड की मार से दुनिया की बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अभी तक नहीं उबर पाई हैं, लेकिन आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत है। इसका कारण समय पर उठाए गए जरूरी कदम हैं। केंद्र सरकार ने एमएसएमई सहित अन्य इंडस्ट्री के लिए तथा खेती-किसानी और आम गरीब आदमी के लिए भी एक के बाद एक अनेक प्रयत्न किए। समय पर वैक्सीन बनाने, पीएलआई जैसी स्कीम सहित अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य किए गए।

तोमर ने षि की प्रधानता के संदर्भ में कहा कि किसी भी व्यक्ति का और देश का मूल पिंड कभी नहीं बदलता है। हमें आगे बढना है तो मूल पिंड को आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। अपनी प्रधानता को पहनान कर उसे मजबूत बनाएंगे तो देश भी मजबूत बनेगा। षि, देश का व्यापक क्षेत्र है और षि अर्थव्यवस्था भारत की ताकत भी है। षि फायदे में हो, उत्पादन-उत्पादकता बढ़े, केमिकल-फर्टिलाइजर का समुचित उपयोग हो, इसके लिए जागरूकता आए, सइल हेल्थ के प्रति जागरूकता बढ़े, यह सब षि के विकास के लिए जरूरी है। एक समय था जब खेती के बारे में खाद-बीज की उपलब्धता या सिंचाई के साधन खड़े करने तक ही विचार किया जाता था। बीज वाला बीज की सोचता था।

# बांग्लादेश ने कोहली पर फेक फील्डिंग का आरोप लगाया



एडिलेड, 3 नवम्बर। भारत से पांच रन की हार के बाद बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज नुरुल हसन ने दावा किया है कि विराट कोहली ने फेक फील्डिंग की थी, जिसे मैदानी अंपायरों ने मिस कर दिया। अन्यथा बांग्लादेश को संभावित रूप से पांच पेनल्टी के रन मिल सकते थे।यह घटना बांग्लादेश के रन चेज के दौरान सातवें ओवर में हुई, जब लिटन दास ने अक्षर की गेंद को डीप ऑफ साइड में खेला। जैसे ही अर्शदीप ने थ्रो किया, प्वाइंट पर खड़े कोहली ने अपने पास से जा रही गेंद पर नॉनस्ट्राइकर की ओर थ्रो करने का फेक फील्डिंग किया। इसपर उस समय मैदान में मौजूद किसी का ध्यान नहीं गया, मैदानी अंपायरों मरे इरासम और क्रिस ब्राउन ने कोई एक्शन नहीं लिया। बांग्लादेश के दोनों बल्लेबाजों ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया।

मैच के बाद पत्रकारों से बात करते हुए नुरुल ने इस घटना का ज़िक्रकिया।नुरुल ने कहा, हम सभी ने देखा कि यह एक गीला मैदान था। अंततः जब हम इन चीजो के बारे में बात करते हैं, तो एक फेक थ्रो भी किया गया था। यह पांच रन का पेनल्टी हो सकता था। वह हमारे पक्ष में आ सकता था लेकिन दुर्भाग्य से यह भी अमल में नहीं आया।क्रिकेट का नियम 41.5 अनफेयर प्ले से संबंधित है। यह नियम जानबूझकर बल्लेबाज का ध्यान भटकाना, धोखा या रुकावट जैसी चीजों को प्रतिबंधित करती है। यदि किसी घटना को इस नियम के अनुसार उल्लंघन माना जाता है तो अंपायर उस गेंद को डेड बॉल घोषित कर सकता है और बल्लेबाजी टीम को पांच रन दे सकता है।रिप्ले में देखा जा सकता है कि कोहली ने धोखा देने की कोशिश की, डीप से अर्शदीप का थ्रो जब उनके दाहिने हाथ की ओर से जा रहा था उसी क्षण उन्होंने सांकेतिक रिले थ्रो किया। समझा जाता है कि अंपायरों को निर्णय रीयल टाइम में लेने की जरूरत है। नियम बल्लेबाजों को धोखा देने के प्रयास को लेकर है, न कि उन्हें सचमुच धोखा दिए जाने को लेकर।यह घटना उन तीन घटनाओं में से एक थी, जिसने बांग्लादेश पर भारत की करीबी जीत में अंपायरिंग को सुर्खियों में ला दिया। पहली घटना भारतीय पारी के दौरान 16वें ओवर में हुई, जब कोहली का मानना था कि हसन महमूद ने अपने ओवर में दो बाउंसर फेंके हैं। छोटी गेंद को पुल करने के प्रयास में चूकने के बाद उन्होंने स्क्वेयर लेग अंपायर मरे इरासमस की ओर नो–बॉल का इशारा किया।इरासमस ने इसे नो–बॉल माना। इसके बाद कोहली और शाकिब अल हसन के बीच 90 सेकेंड तक बातचीत हुई। फिर दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे को गले लगाया और अपने–अपने जगह चले गए।दूसरी घटना तब हुई जब बारिश के ब्रेक के बाद अंपायरों ने खेल फिर से शुरू करने को लेकर डगआउट के पास शाकिब से संपर्क किया, उस समय बांग्लादेश बिना किसी नुकसान के 66 रन बनाकर डीएलएस के अनुसार 17 रन से आगे था।मैच अधिकारियों से बातचीत करने से पहले शाकिब ने गीली आउटफील्ड का सैंपल लिया।

## सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी से हैरान रॉस टेलर

नई दिल्ली, न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर रॉस टेलर सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी से हैरान हैं और उन्हें लगता है कि नए नंबर 1 टी20 बल्लेबाज का भविष्य और भी अधिक अच्छा हो सकता है।

सूर्यकुमार बुधवार को केवल 37 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 21 टी20 में भारत के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए सबसे तेज नंबर 1 रैंकिंग आने के लिए 177 की अविश्वसनीय स्ट्रा-इक रेट से 40.65 का औसत से बल्लेबाजी की है।सूर्यकुमार ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अपना एकमात्र टी20 शतक बनाया, और अपनी सामान्य स्थिति में 46.56 की औसत और 184.86 की स्ट्राइक रेट के साथ रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंच गए। लेकिन टेलर का मानना है कि सूर्यकुमार का और भी अधिक प्रभाव हो सकता है अगर वह भारत की बल्लेबाजी क्रम में आगे बढ़ते हैं।टेलर को आईसीसी के हवाले से कहा, चार–पांच नंबर टी20 में बल्लेबाजी करने के लिए सबसे कठिन जगह है।

## हम मैच जीतने के करीब थे, लेकिन जीतने में असफल रहेः शाकिब अल हसन



एडिलेड, बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने एडिलेड ओवल में टी20 विश्व कप ग्रुप 2 सुपर 12 मैच में भारत से पांच रन की करीबी हार पर अफसोस जताते हुए कहा कि इसी तरह के परिदृश्य को हर समय दोहराया जा रहा है कि वे अपने पड़ोसियों के खिलाफ करीब आकर हार रहे हैं।बांग्लादेश के पास 185 रनों के लक्ष्य था, जिसमें लिटन दास ने 27 गेंदों में 60 रनों की शानदार पारी खेली और पहले सात ओवरों में बिना किसी नुकसान के 66 रन बना लिए। लेकिन बारिश की रुकावट ने 16 ओवर में समीकरण बदलकर 151 कर दिया।रेन ब्रेक ने भारतीय टीम में अच्छा काम किया क्योंकि राहुल के दास के शानदार रन आउट के बाद बारिश के बाद बांग्लादेश शेष नौ ओवरों में केवल 79 रन बना सके, क्योंकि हिटिंग के चक्कर में उनके छह विकेट जल्दी गिर गए।

शाकिब ने कहा, यह कहानी रही है जब हम भारत के खिलाफ खेलते हैं। हम लगभग जीत के करीब होते हैं लेकिन हम कभी भी जीत नहीं पाते। यह क्रिकेट का एक अच्छा मैच था। दर्शकों ने इसका आनंद लिया और दोनों टीमों ने इसका आनंद लिया, और अंत में यही हम चाहते हैं। किसी को जीतना है और किसी को हारना है।

दास के बल्लेबाजी प्रयासों के बारे में बात करते हुए, शाकिब ने टिप्पणी की, लिटन वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं, शायद वह हमारे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। हमने सोचा कि हम उस शुरूआत के बाद इसका पीछा कर सकते थे।

बांग्लादेश के स्ट्राइक गेंदबाज तस्कीन अहमद के ओवरों का कोटा खत्म हो गया। हालांकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन वह 3.8 की इकॉनमी रेट से अपना स्पेल खत्म करने में सफल रहे।

शाकिब ने आगे कहा, हमारी योजना भारत के शीर्ष क्रम को जल्दी से आउट करने की थी। इसलिए मैंने तस्कीन को गेंदबाजी दी। वह हमारे मुख्य गेंदबाज रहे हैं। दुर्भाग्य से वह आज विकेट नहीं ले सके, वह बदकिस्मत थे, लेकिन यह भारत के शीर्ष क्रम को प्रभावित करने में कामयाब रहे।बांग्लादेश की सेमीफाइनल में पहुंचने की कोशिश खत्म होने के साथ, शाकिब ने यह भी कहा कि उनकी टीम रविवार को एडिलेड में पाकिस्तान के खिलाफ टूर्नामेंट में अपना अंतिम मैच खेलने का आनंद उठाएगी।

## टोटेनहैम, फ्रेंकफर्ट चैंपियन्स लीग के प्री क्वार्टर फाइनल में, बायर्न की एक और जीत



लंदन, टोटेनहैम और एनट्रैक्ट फ्रेंकफर्ट दोनों ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अपने मुकाबले जीते और चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई।ग्रुप डी के मुकाबलों के अंतिम दिन मध्यांतर तक लग रहा था कि मार्सिले और स्पोर्टिंग लिस्बन प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना लेंगे लेकिन मुकाबला खत्म होने के बाद उनके प्रतिद्वंद्वी नॉकआउट में पहुंचने में सफल रहे। पियरे–एमिले हबर्ग के इंजरी टाइम में दागे गोल से टोटेनहैम ने मार्सिले को 2–1 से हराते हुए ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। फ्रेंकफर्ट भी लिस्बन को इसी अंतर से हराकर चैंपियन्स लीग में पदार्पण करते हुए ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल करने में सफल रहा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। अन्य ग्रुप से शीर्ष दो टीम तय थी लेकिन कुछ टीम के क्रम में बदलाव हो गया। पोर्टो ने ग्रुप बी में एटलेटिको मैड्रिड को 2–1 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि क्लब ब्रुग ने बायर्न लीवरक्युसेन के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला। नेपोली ने दूसरे स्थान पर चल रहे लीवरपूल के खिलाफ 0–2 की हार के साथ चैंपियन्स लीग के मौजूदा सत्र में पहली बार अंक गंवाया लेकिन इसके बावजूद टीम शीर्ष पर रही। बायर्न म्यूनिख ने इंटर मिलान को 2–0 से हराते हुए छह मैच में छह जीत के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ अंतिम 16 में प्रवेश किया। ग्रुप सी में इंटर की टीम बार्सीलोना को पछाड़कर दूसरे स्थान पर रही।

## नीदरलैंड ने सुपर 12 में पहली जीत दर्ज की, जिंबाब्वे को पांच विकेट से हराया



एडीलेड,तेज गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डाउड के अर्धशतक से नीदरलैंड ने यहां जिंबाब्वे को पांच विकेट से हराकर टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण में पहली जीत दर्ज की।ओ डाउड ने 47 गेंद में 52 रन की पारी खेली जिससे नीदरलैंड ने 118 रन के लक्ष्य को दो ओवर शेष रहते पांच विकेट पर 120 रन बनाकर हासिल कर लिया। नीदरलैंड को इस जीत से दो अंक मिले लेकिन वह पहले ही नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो चुकी है।बुधवार की हार के बाद टूर्नामेंट में जिंबाब्वे की उम्मीद भी लगभग खत्म हो गई है।इससे पहले सिकंदर रजा की उम्दा पारी के बावजूद जिंबाब्वे की टीम लचर बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में 117 रन पर ढेर हो गई।स्टार ऑलराउंडर रजा ने 24 गेंद में 40 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी के दौरान तीन चौके और इतने ही छक्के मारे। उनके अलावा सिर्फ सीन विलियम्स (28) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

नीदरलैंड की ओर से तेज गेंदबाज पॉल वान मीकेरन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाए। बास डि लीडे (14 रन पर दो विकेट), लोगान वान बीक (17 रन पर दो विकेट) और ब्रैंडन ग्लोवर (29 रन पर दो विकेट) ने भी दो–दो विकेट हासिल किए।नीदरलैंड ने हालांकि लक्ष्य को आसानी से हासिल करते हुए सुपर 12 चरण में पहली जीत दर्ज की। टीम अपने अंतिम मैच में रविवार को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी।जिंबाब्वे की टीम सुपर 12 चरण में पाकिस्तान को हराकर उलटफेर कर चुकी है और रविवार को अपने अंतिम मैच में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में भारत से भिड़ेगी। लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड ने चौथे ओवर में ही स्टीफन माइबर्ग (08) को विकेट गंवा दिया जिन्हें ब्लेसिंग मुजरबानी (23 रन पर दो विकेट) ने पवेलियन भेजा।ओ डाउड और टॉम कूपर (32) ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए 73 रन जोड़कर टीम को मजबूत मंच प्रदान किया। दोनों ने 10 ओवर में टीम का स्कोर एक विकेट पर 67 रन तक पहुंचाया।ओ डाउड ने ल्यूक जोंगवे पर लगातार दो चौकों के साथ विश्व कप का अपना चौथा और कुल 11वां अर्धशतक पूरा किया। नीदरलैंड को हालांकि जब 30 रन पर नौ रन की दरकार थी तब उसने नौ गेंद के अंदर ओ डाउड और कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के विकेट गंवा दिए।अंत में डि लीडे (12 गेंद में 12 रन) ने दो चौके जड़कर टीम को जीत दिलाई।इससे पहले करो या मरो के इस मुकाबले में जिंबाब्वे की टीम ने 66 गेंद खाली खेली जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए कितना जूझना पड़ रहा था। रजा अच्छी लय में दिखे और उन्होंने कई आकर्षक शॉट भी जड़े लेकिन जब लग रहा था कि वह टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक ले जाएंगे तब डि लीडे की गेंद को हवा में लहराकर फ्रेड क्लासेन को कैच दे बैठे।टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे जिंबाब्वे की टीम पावर प्ले में सिर्फ 20 ही रन बना सकी। उसने इस दौरान कप्तान क्रेग इर्विन (03), रेगिस चकाब्वा (05) और वेस्ले माधेवेरे (01) के विकेट गंवाए। रजा ने इसके बाद पलटवार करते हुए रन गति में इजाफा किया। उन्होंने सीन विलियम्स के साथ 35 गेंद में 48 रन की साझेदारी की। वान मीकेरन के विलियम्स को आउट करके इस जोड़ी को तोड़ने के बाद जिंबाब्वे ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 20वें ओवर में सिमट गई।

# फिल्मी गपशप

## जाह्नवी कपूर श्रीदेवी की बायोपिक में नहीं करेंगी काम?





जाह्नवी कपूर अपने अभिनय पर लगातार मेहनत कर रही हैं और उनकी यह मेहनत फिल्म–दर–फिल्म दिखाई दे रही है। यही वजह है कि जब उनकी अगली फिल्म मिली का ट्रेलर जारी हुआ तो उनपर प्रशंसा की बरसात होने लगी। जाह्नवी पर हमेशा ही अपनी मां श्रीदेवी से तुलना का दबाव होता है। अब एक इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि क्या वह श्रीदेवी की बायोपिक में काम करना चाहेंगी। जाह्नवी के जवाब की सोशल मीडिया पर तारीफ हो रही है। मिली के प्रमोशन के दौरान जाह्नवी से एक पत्रकार ने पूछा कि अगर कभी श्रीदेवी की बायोपिक बनी तो क्या वह उसमें काम करना चाहेंगी। इसपर चाह्नवी ने तुरंत ना में जवाब दिया। इस पर पत्रकार ने उनसे फिर पूछा कि ऐसा क्यों? जाह्नवी ने इस पर बड़ी सरलता से कहा कि इसका जवाब काफी लंबा हो जाएगा और उन्हें भूख लग रही है। उन्होंने यह भी कहा कि वह स्टेज पर रोना नहीं चाहती हैं।



सोशल मीडिया पर स्थिति को परिपक्वता से संभालने के लिए जाह्नवी की खूब तारीफ हो रही है। एक तरफ जहां लोग जाह्नवी की तारीफ कर रहे हैं वहीं कुछ लोग पत्रकार पर जाह्नवी को दबाव में डालने के लिए सवाल भी उठा रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोगों ने कहा कि उन्होंने अपनी मां को खोया है। उनके बारे में इस तरह का सवाल करना संवेदनहीन है। लोगों ने पत्रकार को कुछ इंसानियत रखने की भी सलाह दी।

जाह्नवी ने 2018 की फिल्म धड़क से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह राजकुमार राव के साथ रूही और पंकज त्रिपाठी के साथ कारगिल गर्लः गुंजन सक्सेना में नजर आई थीं। उनकी पिछली फिल्म गुडलक जेरी डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। जाह्नवी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था कि हो सकता है वह सबसे प्रतिभावान नहीं हैं, लेकिन अपनी फिल्म पर वह सबसे ज्यादा मेहनत करने वाली कलाकार हैं। जाह्नवी की फिल्म मिली 4 नवंबर को रिलीज होगी। फिल्म में जाह्नवी एक 24 साल की नर्सिंग स्टूडेंट मिली के किरदार में नजर आएंगी। मिली एक दिन गलती से एक फ्रीजर में फंस जाती है। इस थ्रिलर फिल्म की कहानी मिली की जीजिविषा पर आधारित है। फिल्म में जाह्नवी के साथ सनी कौशल और मनोज पाहवा नजर आएंगे। यह मलयालम फिल्म हेलेन का हिंदी रीमेक है जिसका निर्देशन मथुकुट्टी जेवियर ने किया है।

## मट्टी कुश्ती का फर्स्ट लुक रिलीज

दक्षिण भारतीय स्टार विष्णु विशाल की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मट्टी कुश्ती' का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। तेलुगू फिल्मों के सुपरस्टार रवि तेजा और विष्णु विशाल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मट्टी कुश्ती का निर्माण कर रहे हैं। इस फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है।चेला अय्यावु, आरटी टीमवर्क्स और विष्णु विशाल स्टूडियोज बैनर के तहत फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। ऐश्वर्या लक्ष्मी, विष्णु विशाल के साथ लीड रोल में नजर आएंगी।रवि तेजा ने मट्टी कुश्ती के फर्स्ट लुक पोस्टर को रिलीज किया। पोस्टर विष्णु विशाल को एक पहलवान के रूप में प्रस्तुत करता है जो रिंग में एक बड़ी लड़ाई के लिए तैयार है।मट्टी कुश्ती में जस्टिन प्रभाकरन का संगीत है,

## 'कांतारा' ने साल की सबसे कमाऊ फिल्म 'केजीएफ 2' को भी पछाड़ा, बॉक्स आफिस पर बनाया नया रिकॉर्ड



बॉक्स आफिस पर धुंआधार कमाई कर रही 'कांतारा' ने हिंदी बेल्ट में रिटर्न के मामले में केजीएफ 2 को पीछे छोड़ दिया है। खास बात यह है कि फिल्म को हिंदी बेल्ट में रिलीज हुए अभी 17 दिन हुए हैं और बॉक्स ऑफिस पर इसकी कमाई का ताबड़तोड़ सिलसिला जारी है। 17 दिन में फिल्म के हिंदी वर्जन ने लगभग 42.95 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है और यह यहां ना केवल सुपरहिट हो गई है, बल्कि केजीएफ 2 को पछाड़कर साल की तीसरी सबसे ज्यादा प्रॉफिट उठाने वाली फिल्म भी बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऋषभ शेट्टी के निर्देशन में बनी और उन्हीं के अभिनय से सजी 'कांतारा' के हिंदी वर्जन में लगी लागत लगभग 7.50 करोड़ रुपए है। अब अगर इस रकम को अब तक हुई कुल कमाई में से निकाल देते हैं तो यह 35.45 करोड़ रुपए बचती है, जो कि फिल्म का प्रॉफिट है। यह लागत के मुकाबले तकरीबन 472.66 फीसदी है। फिल्म का हिंदी वर्जन 14 अक्टूबर को रिलीज हुआ था। अब बात यश स्टारर केजीएफ 2 की करते हैं। यह भी 'कांतारा' की तरह ही होम्ब्ले फिल्म्स के बैनर तले बनी कन्नड़ फिल्म है। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 14 अप्रैल 2022 को कन्नड़ के साथ–साथ हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा में रिलीज किया गया था। फिल्म की लागत तकरीबन 90 करोड़ रुपए बताई जाती है, जबकि हिंदी बेल्ट में इसकी कमाई लगभग 434.62 करोड़ रुपए रही थी। इस हिसाब से फिल्म 344.62 करोड़ रुपए का प्रॉफिट उठाया था, जो कि लागत के मुकाबले करीब 382.91 प्रतिशत है। 'कांतारा' की कमाई की रफ़्तार देखते हुए यह स्पष्ट है कि जल्दी ही यह रिटर्न के मामले में तेलुगु फिल्म 'कार्तिकेय 2' के हिंदी वर्जन को भी पछाड़ देगी और दूसरी सबसे प्रॉफिटेबल फिल्म बन जाएगी। 'कार्तिकेय 2' के हिंदी वर्जन की लागत लगभग 4.5 करोड़ रुपए थी, जबकि बॉक्स ऑफिस पर इसका कलेक्शन करीब 30 करोड़ रुपए रहा। यानी कि इस फिल्म ने 25.50 करोड़ रुपए का प्रॉफिट उठाया, जो कि लागत के मुकाबले लगभग 566.66 फीसदी है।

## माहिरा शर्मा ने फोटोशूट के लिए पहनी इतनी छोटी सी ड्रेस, कैमरे के सामने दिए एक से एक पोज



माहिरा शर्मा को उनके किसी भी प्रोजेक्ट के कारण खास पहचान हासिल नहीं हो पाई है. हालांकि, बिग बॉस का हिस्सा बनने के बाद उनकी किस्मत ही पलट गई. एक्ट्रेस आज किसी न किसी कारण सुर्खियों में रहने लगी हैं. अब वह पहचान की मोहताज नहीं रह गई हैं. फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं. ऐसे में माहिरा ने अपनी सिजलिंग अदाओं ने फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं.माहिरा अपने चाहने वालों के साथ सोशल मीडिया के जरिए भी जुड़ी रहती हैं. ऐसे में उनके चाहने वालों की लिस्ट भी काफी लंबी हो गई है. माहिरा के फैंस ने उन्हें हर अवतार में खूब पसंद किया है. यही कारण है कि एक्ट्रेस का हर लुक उनके फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगता है.

अब माहिरा की लेटेस्ट फोटोज पर फिर से सभी की नजरें टिकी रह गई हैं. यहां उन्हें ग्रीन कलर की शॉर्ट ड्रेस पहने देखा जा रहा है.

लेटेस्ट फोटोशूट में माहिरा ने अपने सिजलिंग लुक को कंप्लीट करने के लिए ग्लॉसी न्यूड मेकअप किया है. उन्होंने अपने बालों को वेवी टच देकर ओपन रखा है और गले में गोल्डन पेंडेंट पहना है. माहिरा ने इस दौरान मैचिंग की ग्रीन कलर की हाई हील्स कैरी की है. इस लुक में एक्ट्रेस वाकई काफी हॉट और ग्लैमरस दिख रही हैं. फैंस अब उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे हैं. कुछ ही देर में माहिरा की फोटोज पर हजारों लाइक्स आ चुके हैं. वैसे, माहिरा के इंस्टाग्राम पेज को देखा जाए तो वह अक्सर इसी तरह के बोल्ड और सिजलिंग लुक में दिखाई देती हैं. उन्हें ज्यादातर अपने करीबी दोस्त और बिग बॉस में उनके साथ कंटेस्टेंट रहे पारस छाबड़ा के साथ ही वक्त बिताते हुए देखा जाता है.

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com